Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 213 | सोमवार, 04 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

एसआईआर पर चर्चा की मांग

संसद में आज हंगामे के आसार

नई दिल्ली।

संसद में चल रहे गतिरोध के बीच सरकार सोमवार को लोकसभा में एक महत्वपूर्ण खेल विधेयक को पारित कराने पर जोर दे सकती है। विपक्ष की एकजुट मांग के बावजूद मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) पर चर्चा के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन से सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। लोकसभा ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक को विचार एवं पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है, जिसमें खेल निकायों के कामकाज में अधिक पारदर्शिता की परिकल्पना की गई है।

राज्यसभा ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन 13 अगस्त से छह महीने के लिए बढ़ाने संबंधी गृह मंत्री अमित शाह के प्रस्ताव को पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर दोनों सदनों में दो दिवसीय चर्चा को छोड़कर 21 जुलाई को मानसून सत्र शुरू होने के बाद से संसदीय कार्यवाही लगभग ठप रही है। बिहार में मतदाता सूची के एसआइआर का मुद्दा विपक्षी दल लगातार उठा रहे

विपक्ष सांसद लगातार कर रहे प्रदर्शन

संसद में एसआइआर पर चर्चा की मांग के संबंध में सरकार द्वारा कोई ध्यान न दिए जाने के कारण विपक्ष संसद में लगातार प्रदर्शन कर रहा है, जिसके कारण बार-बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ रही है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा है कि विपक्ष की मांग पर निर्णय लेना दोनों सदनों के अध्यक्ष का काम है। हालांकि, उन्होंने बलराम जाखड़ के लोकसभा अध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सदन चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था के कामकाज पर बहस नहीं कर सकता। इस संबंध में एक प्रमुख सरकारी पदाधिकारी ने कहा कि यदि संसद में व्यवधान के कारण सरकार का एजेंडा बाधित होता रहा तो वह अपने प्रमुख विधेयकों को पारित कराने का प्रयास करेगी। रिजीजू ने कहा कि एसआइआर निर्वाचन आयोग के कार्यक्षेत्र का हिस्सा है और यह पहली बार नहीं है जब निर्वाचन आयोग ऐसा कर रहा है। लोकसभा में विचार और पारित होने के लिए सूचीबद्ध एक अन्य विधेयक राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक है।

दिल्ली में आज जमकर बरसेंगे बादल

नई दिल्ली।

उत्तर प्रदेश-बिहार सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में उमस की वजह से लोगों का जीना मुहाल हो चुका है। रविवार को बादल छाए रहे, जिससे तापमान कम रहा लेकिन उमस से लोग परेशान रहे। हालांकि, मौसम विभाग ने सोमवार को बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि इस पूरे हफ्ते दिल्ली-एनसीआर में मूसलाधार बारिश होगी। लक्ष्मी नगर, पटपड़गंज, आनंद विहार, उत्तरी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। बात करें बिहार की तो अगले 5 दिनों तक राज्य में मौसम सुहाना बना रहेगा। इस दौरान तेज हवाएं चलेगी। लोगों को उमस से निजात मिलेगा। बता दें कि पटना, गया, पूर्णिया, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, नवादा, मुजफ्फरपुर, सिवान, दरभंगा, भागलपुर और मधबनी समेत कई जिलों में मानसून को लेकर अलर्ट जारी है। राजस्थान के कई जिलों में जबरदस्त बारिश हो रही है। सोमवार को बूंदी, अलवर, दौसा, सवाई माधोपुर, करौली, कोटा और बारन में मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, मध्य प्रदेश के भिंड, शिवपुरी, मोरेना, विदिशा, अशोकनगर, सागर, रायसेन, अशोक नगर, सीहोर, होशंगाबाद, सागर, छतरपुर में बारिश की उम्मीद जताई गई है। हरियाणा-पंजाब, राजस्थान समेत उत्तरी राज्यों में तेज हवाओं यानी आंधी के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई जिलों में भी आज भारी बारिश की आशंका है।

यूपी-बिहार के कई जिलों में आज बारिश का अलर्ट

वहीं यूपी के कई जिलों में आज मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में 9 जुलाई तक बारिश की उम्मीद जताई गई है। बांदा, चित्रकूट, सोनभद्र, मिर्जापुर, संत रविदास नगर, सहारनपुर, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ, अलीगढ़ सहित कई जिलों में हल्की बारिश की उम्मीद है।

गाजा में इजराइली गोलीबारी में कम से कम दस लोगों की मौत

नई दिल्ली। स्वास्थ्य मंत्रालय की एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवा ने कहा कि इजराइली हमले में जवैदा और दीर अल-बलाह कस्बों के बीच एक परिवार के घर को निशाना बनाया गया, जिसमें दो अभिभावकों और उनके तीन बच्चों की मौत हो गई। इजराइली बलों ने इजराइल समर्थित गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) द्वारा संचालित दो सहायता वितरण केंद्रों के निकट तब गोलीबारी कर दी जब भूखे फलस्तीनी लोग भोजन लेने के लिए एकत्र हुए थे। इस गोलीबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। लगभग एक सप्ताह पहले इजराइल ने भूख से मरते बच्चों की बढ़ती घटनाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय दबाव के चलते, सीमित मानवीय सहायता और हवाई सहायता की घोषणा की थी।

बिहार चुनाव में तेजस्वी की मुश्किल बढ़ाने में जुटे हेमंत

पटना। महागठबंधन में सम्मिलित होने की एआईएमआईएम की अपेक्षा को राजद दरकिनार कर चुका है, लेकिन झामुमो से उसकी बात अभी बेपटरी नहीं हुई है। राजद झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार में साझेदार भी है। इसी आधार पर झामुमो झारखंड के सीमावर्ती लगभग एक दर्जन सीटें मांग रहा। राजद उसे दो-तीन सीटों पर मनाने के प्रयास में है। बिहार में दावेदारी के संदर्भ में पिछले दिनों झामुमो द्वारा सार्वजनिक रूप से बयान दिए गए।

शक्तिशाली भूकंप के बाद रूस का ज्वालामुखी फटा

नई दिल्ली।

रूस में आए 8.8 तीव्रता के एक अत्यंत शक्तिशाली भूकंप ने सुनामी की चेतावनी जारी की और लाखों लोगों को प्रभावित किया। इसी भूकंप के तुरंत बाद, 450 साल से निष्क्रिय क्रशेनिनिकोव और उसके बाद सक्रिय क्लुचेव्स्कॉय ज्वालामुखी भी फट पड़े, जिसने क्षेत्र में हलचल मचा दी। रूस के पूर्वी कामचटका क्षेत्र में एक ज्वालामुखी, क्रशेनिनिकोव, 450 साल में पहली बार फटा है। यह विस्फोट इस क्षेत्र में आए अब तक के सबसे शक्तिशाली भूकंपों में से एक के बाद हुआ है। स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के ग्लोबल वोल्केनिज्म प्रोग्राम के अनुसार, 1550 में

अपने अंतिम विस्फोट के बाद से यह ज्वालामुखी शांत था। अब इसमें से राख का एक विशाल गुबार निकला है, जिसकी ऊंचाई लगभग 6,000 मीटर (19,700 फीट) तक पहुंच गई है। रूसी सरकारी मीडिया द्वारा जारी तस्वीरों में यह गुबार साफ देखा जा सकता है। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने बताया

450

साल बाद हुआ विस्फोट

कि यह राख का गुबार ज्वालामुखी से पूर्व की ओर प्रशांत महासागर की ओर फैल रहा है। इसके रास्ते में कोई भी आबादी वाला इलाका नहीं है और अभी तक किसी भी शहर में राख गिरने की कोई घटना दर्ज नहीं की गई है। मंत्रालय ने इस ज्वालामुखी को 'नारंगी' विमानन खतरा कोड के साथ वर्गीकृत किया है।

दिल्ली में अब नहीं चलेगी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी: सीएम रेखा

नई दिल्ली।

प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली कैबिनेट ने गत 29 अप्रैल को जिस फैसले को लिया था, उसे लागू करने के लिए सदन में आज विधेयक आ रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि फीस बढ़ोत्तरी को लेकर स्कूलों की मनमानी को नही चलने दिया जाएगा। उन्होंने रविवार को विधानसभा में कहा कि पूर्व की

सरकार पिछले 10 साल में एक ऐसा कानून तक नहीं लेकर आई कि जिससे स्कूलों की मनमानी पर रोक लग पाती। कहा कि हमने अभिभावकों की परेशानी को समझा है और हम इसके लिए विधेयक लेकर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह दिल्ली सरकार के तहत पीडब्ल्यूडी के लिए हम अपना इंजीनियरिंग कैडर भी बनाने जा रहे हैं। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा है कि अप्रैल में मुख्यमंत्री ने फीस वृद्धि को लेकर अभिभावकों की परेशानी सुनने के बाद स्कूलों को नोटिस भी जारी किया था।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए साक्षात्कार आज

लखनऊ। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए चयन प्रक्रिया का अहम चरण सोमवार को है। समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के शिक्षकों के साक्षात्कार राजधानी लखनऊ के पार्क रोड स्थित शिविर कार्यालय में सुबह 10 बजे से आयोजित किए जा रहे हैं। इस चरण में जिलों से चयनित शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। कई शिक्षक रविवार देर शाम ही लखनऊ पहुंच गए, ताकि समय से पहले पहुंचकर अपनी तैयारी अंतिम रूप दे सकें।

जापान-सागर में चीन और रूस का सीक्रेट मिलिट्री रिहर्सल शुरू

मॉस्को।

रूस के निकट दो परमाणु पनडुब्बियों की तैनाती की अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा पर रूस ने कुछ नहीं कहा है लेकिन उसने चीन के साथ मिलकर नौसैनिक अभ्यास कर रहे हैं। यह नौसैनिक अभ्यास रूस और चीन के मध्य के जापान सागर में हो रहा है। यह जानकारी रूसी नौसेना के प्रशांत महासागर बेड़े ने दी है। विदित हो कि युद्धपोतों की संख्या के लिहाज से चीन की नौसेना इस समय विश्व की सबसे बड़ी नौसेना है। ट्रंप ने परमाणु पनडुब्बी की तैनाती की घोषणा पूर्व रूसी राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव के बयान के

जवाब में की है। मेदवेदेव ने ट्रंप को रूस को प्रतिबंधों की धमकी देने से बाज आने के लिए कहा था। ट्रंप की घोषणा से पूर्व ही घोषित रूस-चीन के नौसैनिक अभ्यास में खासतौर पर तोपखाने और पनडुब्बी मारक क्षमताओं का प्रदर्शन हो रहा है। इस अभ्यास में रूस की बड़े आकार की पनडुब्बियां और चीन का विध्वंसक बेड़ा भाग ले रहा है। अभ्यास में दोनों देशों की डीजल और बिजली चालित पनडुब्बियां भी भाग ले रही हैं।

चिदंबरम के बयान को चुनाव आयोग ने बताया बेतुका, गौरव गोगोई बोले- संसद में खुली बहस होनी चाहिए

नई दिल्ली।

कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने चुनाव आयोग पर बिहार और तमिलनाडु की एसआईआर प्रक्रिया में भेदभाव का आरोप लगाया, जिसे आयोग ने 'भ्रामक' बताया। गौरव गोगोई ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए संसद में बहस की मांग की। विपक्ष का कहना है कि एसएसआईआर विवाद अब लोकतंत्र की निष्पक्षता और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। भारत के चुनाव आयोग और विपक्ष के बीच एक बार फिर तीखा टकराव सामने आया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए बिहार की मतदाता सूची में पुनरीक्षण प्रक्रिया यानी एसएसआईआर और तमिलनाडु की एसएसआर यानी स्पेशल समरी रिवीजन की तुलना करते हुए निष्पक्षता पर सवाल उठाया था। इस पर चुनाव आयोग ने सख्त प्रतिक्रिया देते हुए उनके बयान को भ्रामक और गलत बताया है। चिदंबरम ने कहा था कि बिहार में एसआईआर को पुनः शुरू करने की अनुमति दी गई, लेकिन तमिलनाडु की ऐसी ही एसएसआर मांग को खारिज कर दिया गया।

चुनाव आयोग की सख्त प्रतिक्रिया

विधानसभा का मानसून सत्र आज से, पेश होगा स्कूल फीस नियंत्रण बिल

नई दिल्ली।

पहले ही दिन स्कूल फीस नियंत्रण बिल सहित अन्य मुद्दों पर राजनीतिक घमासान के पूरे आसार हैं। 8वीं विधानसभा का तीसरा सत्र 4 से 8 अगस्त तक चलेगा लेकिन जरूरत पड़ी तो इसे बढ़ाया भी जा सकता है। दिल्ली विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार को दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। पहले ही दिन स्कूल फीस नियंत्रण बिल सहित अन्य मुद्दों पर राजनीतिक घमासान के पूरे आसार हैं। 8वीं विधानसभा का तीसरा सत्र 4 से 8 अगस्त तक चलेगा लेकिन जरूरत पड़ी तो इसे बढ़ाया भी जा सकता है। सत्र की शुरूआत में ही शिक्षा मंत्री आशीष सूद स्कूल फीस नियंत्रण बिल पेश करेंगे, जिसे मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की कैबिनेट पहले ही मंजूरी दे चुकी है। इस बिल से दिल्ली के लाखों अभिभावकों को स्कूलों की मनमानी फीस से राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को साफ किया है कि ये बिल अभिभावकों के हित में है और स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाएगा लेकिन आम आदमी पार्टी ने बिल का कड़ा विरोध शुरू कर दिया है। आप नेता आतिशी समेत वरिष्ठ नेताओं का आरोप है कि सरकार इस बिल के जरिये निजी स्कूलों को फायदा पहुंचाने की कोशिश कर रही है।

संपादक की कलम से

मोदी का स्वदेशी आह्वान

ललित शर्मा
संपादक

प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को स्वदेशी का प्रचारक बनने का आह्वान किया है। अपने चुनाव क्षेत्र वाराणसी से यह आह्वान देश भर के लिए है कि सभी संकल्प लें और अपने घरों में स्वदेशी सामान ही लेकर आएं। प्रधानमंत्री मोदी को अचानक यह आह्वान क्यों करना पड़ा, जबकि संघ परिवार के लिए स्वदेशी एक बुनियादी एजेंडा रहा है। आरएसएस का सहयोगी संगठन स्वदेशी जागरण मंच दशकों से इस दिशा में प्रयासरत रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था और कारोबार के मौजूदा दौर में कोई भी देश स्वदेशी के भरोसे न तो आर्थिक विकास कर सकता है और न ही अस्तित्व की रक्षा कर सकता है। भारत आज एक खुली अर्थव्यवस्था वाला देश है और उदारीकरण, आर्थिक सुधारों का प्रणेता रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था और बाजार को बंद अर्थव्यवस्था के दौर में नहीं धकेला जा सकता। स्वदेशी के सीधे मायने हैं कि आप विदेशी निवेश का प्रवाह बाधित कर रहे हैं। स्थिरता के माहौल को फिर से अस्थिर करना चाहते हैं। आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी एक जड़ स्थिति है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के 25 फीसदी टैरिफ थोपने के बाद प्रधानमंत्री की स्वदेशी पर यह पहली सार्वजनिक प्रतिक्रिया है। मेक इन इंडिया के प्रथम प्रोमोटर प्रधानमंत्री ही हैं। यह सिलसिला मोदी के प्रधानमंत्री बनने के कुछ माह बाद ही शुरू कर दिया गया था। दिसंबर, 2014 में उद्योग पर राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान स्वदेशी पर भी विमर्श किया गया था। बेशक आज भी विनिर्माण के क्षेत्र में इतना विकास और विस्तार नहीं हो पाया है कि वह देश के जीडीपी में 25 फीसदी का योगदान दे सके। हालांकि कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान भारत ने 60 फीसदी टीकों की आपूर्ति जरूरतमंद देशों को की। यह टीका भारत की कंपनियों ने ही बनाया और विकसित किया है तथा उसका उत्पादन वैश्विक स्तर पर किया जा रहा है। भारत ने 102 स्वदेशी वंदे ट्रेन का नेटवर्क भी खड़ा किया है। आज भारतीय कंपनियां रक्षा उत्पादन में इतनी सक्रिय और व्यस्त हैं कि वे करीब 90 देशों को हथियारों की आपूर्ति कर रही हैं, लेकिन यह भी यथार्थ है कि हमें लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और प्रमुख वायु रक्षा प्रणाली विदेशों से ही खरीदने पड़ रहे हैं। अभी हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दहलीज पर ही खड़े हैं। हमें अपनी जरूरत का खाद्य तेल अब भी विदेश से आयात करना पड़ रहा है। हम स्वदेशी तेल का ब्रांड और उत्पादन स्थापित नहीं कर पाए हैं। स्वदेशी महज एक नारा है, व्यावहारिक नहीं है। बेशक भारत का कपड़ा क्षेत्र 14.5 करोड़ लोगों को रोजगार दे रहा है। हम अमरीका को भी वस्त्र, परिधान आदि का अच्छा-खासा निर्यात करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स में भारत ने दोगुनी बढ़ोतरी की है, लेकिन कारों, मोबाइल आदि में जो सेमीकंडक्टर की चिप लगती है, भारत उसके शोध, विकास, व्यापार के लिए आज भी सिंगापुर, ताइवान जैसे छोटे देशों पर ही आश्रित है। चीन, जापान, अमरीका की तो बात मत कीजिए। उनसे हमारा मुकाबला किया ही नहीं जा सकता। दो साल पहले भारत सरकार के बजट में युवा छात्रों को प्रशिक्षित और उनके रोजगार के मद्देनजर देश की 500 बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप की योजना की घोषणा की गई थी। उसकी मौजूदा स्थिति क्या है, सरकार ने यह ब्रीफ करने की कभी जरूरत ही नहीं समझी। यह सवाल बेहद अहम और संवेदनशील है कि बीते 5 सालों के दौरान करीब 20 लाख पासपोर्ट सरेंडर क्यों किए गए? वे लोग विदेशों में गए, काम में जुटे और फिर विदेशों में ही बस गए। यह आंकड़ा ऐसा है, जो स्वदेशी की अवधारणा और संभावनाओं को नकारता है। स्वदेशी एक व्यापक कैनवस है, लिहाजा सभी वस्तुओं का जिक्र करना संभव नहीं है। प्रधानमंत्री लोकल को वोकल का नारा भी देते रहे हैं। विडंबना यह है कि इतने सालों के प्रयासों के बावजूद हमारे देश में न तो हुनरमंद श्रम है, न ही शोध एवं विकास पर अपेक्षाकृत फोकस है।

साहब !मेरा नाम हमेशा अपमान के पर्याय के रूप में लेते हो !आज मेरे नाम पर वैश्विक वफादारी, समर्पण, मेहनतकश और प्रतिबद्धता का दिवस है

गोंदिया

वैश्विक स्तरपर हर उस व्यवहार, कार्य और परिस्थितियों में जहां किसी व्यक्ति का अपमान करना हो, उसे नीचा दिखाना हो, उसे बदनाम करना हो तो, उसे बोलने वाले प्राथमिक अस्वस्थ्य भाषा ठठोली के प्रतीक के रूप में कुत्ता शब्द का प्रयोग किया जाता है, वैसे तो इस बोध में अनेक पशु-पक्षी व जानवरों का नाम जैसे गधा,उल्लू सांड गिरगिट, काला नाग जैसे अनेक जानवरों के नामों का प्रयोग किया जाता है, जिसे सुनकर वाद विवाद प्रतिवाद इतना बढ़ जाता है कि, हत्या तक हो जाती है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इसे नकारात्मक पहलू से देखा जाता है, जबकि इनका सकारात्मक पहलू यह है कि गधा बहुत भारी बोझ उठाकर मेहनत के प्रति समर्पित रहता है,सांड खेतियों में हल जोतने की मेहनत का काम करता है, इस तरह हर ऐसे अपमान के सूचक बनें इन प्राणियों का हमारे जीवन को सुचारू रूप से चलाने में कुछ ना कुछ योगदान होता है, फिर भी हम उन्हें हास्यप्रद व अपमान सूचक शब्दों से व्यक्त करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते, आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 5 अगस्त 2025 को हम राष्ट्रीय कुत्ते की तरह काम करने (वर्क लाइक ए डॉग डे)के दिवस के रूप में मनाया जा रहा है जो अमेरिका सहित पश्चिम भारत सहित दक्षिण एशिया इत्यादि देश में मनाया जाता है, इस दिन का उद्देश्य उन सभी लोगों को सम्मान देना है जो इतना कठिन परिश्रम करते हैं,अपनी वफादारी व जिम्मेदारियों को निष्ठा व अनुशासन के साथ निभाते हैं और मानव समाज की प्रगति में योगदान देते हैं। इसमें दो बातें महत्वपूर्ण है, (1) यह दिन एक प्रतीक है-ऐसे श्रमिकों, कर्मचारियों व्यापारियों और हर उस व्यक्ति के लिए जो 'कुत्ते की तरह' अथक, निःस्वार्थ और समर्पण भाव से कार्य करतें है। (2) पशुओं में कुत्ता वह प्राणी है जिसे सबसे अधिक वफादार, मेहनती और संरक्षक माना गया है। वह केवल आदेश मानने वाला प्राणी नहीं, बल्कि कई मामलों में नेतृत्वकर्ता, खोजी, सहायक और संकटमोचक भी होता है।पुलिस डॉग्स, थैरेपी डॉग्स, फॉर्म डॉग्स, रेस्क्यू डॉग्स और गाइड डॉग्स-हर क्षेत्र में इनकी मेहनत असाधारण है। ये विशेष प्रशिक्षित कुत्ते दिन-रात काम करते हैं, बिना शिकायत किए, बिना थके। यही भावना इस दिवस के पीछे की प्रेरणा है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग सेआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वर्क लाइक ए डॉग डे,5 अगस्त 2025, वफादारी व समर्पण भाव से मेहनत करने वालों को सैल्यूट। साथियों बात अगर हम मेहनतकश लोगों को सैल्यूट करने की करें तो,इस दिवस की एक और प्रासंगिकता है- यह आज की अत्यधिक प्रतिस्पर्धात्मक और लक्ष्य-केंद्रित वर्क कल्चर की झलक देता है, ये सब हमें लगातार 'कुत्ते की तरह' काम करने के लिए मजबूत करता हैं। लेकिन यह कब प्रगति का संकेत बनता है और कब शोषण, इसपर विचार करना भी उतना ही आवश्यक है।जिसमें इंसान को मशीन की तरह 24/7 काम करने की अपेक्षा की जाती है।इस दिन का मुख्य उद्देश्य उन लोगों को सम्मानित करना है जो अपने कार्यस्थल पर या जीवन में साधारण नहीं, बल्कि असाधारण मेहनत करते हैं। इसमें शामिल हैं: (1) कृषक जो सुबह 4 बजे खेतों में पहुंचते हैं।(2)डॉक्टर और नर्स जो महामारी या आपदा के दौरान 18-18 घंटे की शिफ्ट करते हैं। (3) स्वच्छता कर्मी जो शहरों को साफ -सुथरा बनाए रखने में जुटे रहते हैं।(4) महिलाएँ, जो घर और ऑफिस दोनों में ह्यवर्क लाइक अ डॉगह्ल वाली भूमिका निभाती हैं। (5) वर्क फ्रॉम होम, ओवरटाइम, स्टार्टअप कल्चर, करियर रेस चुनौतीपूर्ण कार्य। साथियों बात अगर हम मेहनत करने की करें तो,जब हम मेहनत की बात करते हैं, तब हमें ये भी देखना होगा कि हर व्यक्ति को उसके काम का पूरा मुआवजा मिले, और उसकी मानसिक, शारीरिक और सामाजिक सेहत का ध्यान रखा जाए। (1) वर्कप्लेस वेलनेस प्रोग्राम्स (2) मेंटल हेल्थ अवेयरनेस (3) बर्नआउट की पहचान और राहत (4) वर्क- लाइफ बैलेंस के प्रयास ये सभी जरूरी हैं ताकि मेहनत करने वाले थकें नहीं, टूटें नहीं, बल्कि प्रेरित और संतुलित रहें। हम देखते हैं कि आज जब चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स, रोबोट, ऑटोमेटेड सॉफ्टवेयर इंसानी कामों को बदल रहे हैं,तब ह्लकुत्ते की तरह काम करनाह्व अब मेहनत नहीं बल्कि स्मार्ट वर्क की ओर मुड़ता प्रतीत हो रहा है। लेकिन इस बदलाव में भी वो भावना, वो ऊर्जा, वो लगन जो इंसान का मूल गुण है,वह अमूल्य है। एआई कभी वफादारी, नैतिकता और जुनून नहीं ला सकता, जो एक इंसानी श्रमिक में होता है। साथियों बात अगर हम दुनियाँ के भविष्य,बच्चों व युवाओं को काम का मूल्य सिखाने की करें तो,वर्क लाइक ए डॉग डे केवल वयस्कों के लिए नहीं, बल्कि युवाओं को श्रम के मूल्य और गरिमा सिखाने का एक सुनहरा अवसर है। (1) उन्हें छोटे-छोटे कार्य सौंपें। (2) घर के कामों में भागीदार बनाएं (3) उन्हें यह बताएं कि मेहनत केवल पैसा कमाने के लिए नहीं, बल्कि आत्मनिर्माण के लिए भी है।परंतु कुछ आलोचक कहते हैं कि ह्लकुत्ते की तरह काम करनाह्व इंसानों के आत्म- सम्मान के विरुद्ध है।

इसमें मनुष्यता की उपेक्षा होती है। यह दलील तब सार्थक लगती है जब कार्य की मात्रा मनुष्य की सीमा से अधिक हो जाती है।इसलिए इस दिन को मनाते हुए हमें मेहनत और शोषण के बीच की महीन रेखा को पहचानना जरूरीहै। 5 अगस्त का नेशनल वर्कलाइक ए डॉग डे कोई तुच्छ मुहावरा नहीं बल्कि मेहनत करने वालों की आत्मा को श्रद्धांजलि है।यहदिन हमें याद दिलाता है कि समाज उन्हीं के कंधों पर खड़ा है जो लगातार आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं।हर पेशा-चाहे वह सीईओ हो या सड़क पर सफाई करने वाला- मेहनत का सम्मान बराबर चाहता है।सबसे महत्वपूर्ण बातः मेहनत करना गौरव की बात है, लेकिन अपने स्वास्थ्य, संतुलन और आत्म-सम्मान केसाथ।ह्लकुत्ते की तरह काम करने का मतलब सिर्फ पसीना बहाना नहीं है, बल्कि यह अपने काम से प्रेम करना, उसे जिम्मेदारी से निभाना,और दुनियाँ को यह दिखाना है कि ईमानदारी और मेहनत कभी असफल नहीं होती।ह्र साथियों बात अगर हम वर्क लाइक ए डॉग डे मनाने की करें तो, अपने दिन का सर्वोत्तम प्रदर्शन करें, (1) इस दिन अपने सभी कार्यों को सर्वोत्तम गुणवत्ता और पूर्ण समर्पण से करें। (2) अपने साथियों की प्रशंसा करें- टीम में जो सबसे मेहनती हैं, उन्हें धन्यवाद कहें या एक छोटी सी प्रशंसा दें। (3) अपने काम के प्रति खुद को प्रेरित करें-यह दिन आत्मनिरीक्षण का भी है। (4) किसी सेवा कुत्ते की कहानी साझा करें-जानवरों से प्रेरणा लेना भी इस दिन का एक भावनात्मक पहलू है। (5) आराम भी जरूरी है-ध्यान रखें कि संतुलन बनाए रखना भी इस दिवस की शिक्षा है। साथियों बात अगर हम इस दिवस के इतिहास की करें तो,ह्वर्क लाइक ए डॉग डेह्र की सटीक ऐतिहासिक उत्पत्ति अस्पष्ट है, लेकिन इसका मूल अमेरिका में माने जाते हैं। यह दिन उन मेहनतकश अमेरिकियों की प्रशंसा और मान्यता के लिए मनाया गया,जो रोजगार और जीवन के तनावों के बावजूद पूरे मनोयोग से कार्य करते हैं।इसे अनौपचारिक छुट्टी के तौर पर मान्यता मिली, और सोशल मीडिया ने इसे लोकप्रिय बनाया।धीरे-धीरे यह दिन दुनियाँ भर के श्रमिकों के लिए एक प्रेरणा बन गया। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि साहब !मेरा नाम हमेशा अपमान के पर्याय के रूप में लेते हो !आज मेरे नाम पर वैश्विक वफादारी, समर्पण, मेहनतकश और प्रतिबद्धता का दिवस है,राष्ट्रीय कुत्ते की तरह काम करने का दिवस(वर्क लाईक ए डॉग डे) 5 अगस्त 2025 - वफादारी से मेहनत करने वालों को सैल्यूट !5अगस्त 2025 का दिन ऐसे श्रमिकों कर्मचारीयों व्यापारियों और हर उस व्यक्तियों के लिए है, जो कुत्ते की तरह वफादारी, निस्वार्थ और समर्पण भाव से कार्य करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह और जयशंकर के संसद में दिये गये भाषणों का पूरा निचोड़ ये रहा

देखा जाये तो ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत अब प्रतिरक्षात्मक नहीं, बल्कि प्रहारक रणनीति अपनाने वाला राष्ट्र है। आतंकवादियों को यह संदेश मिल गया है कि उनके आकाओं को भी सुरक्षित ठिकाने अब नहीं मिलेंगे। लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा ने यह स्पष्ट कर दिया कि मोदी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति और नीतियों में एक निर्णायक और आक्रामक दृष्टिकोण अपनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने भाषणों में यह संदेश दिया कि भारत न केवल हमलों का त्वरित जवाब देने में सक्षम है, बल्कि हर बार नये मानक भी स्थापित करता है। सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की बात करें तो आपको बता दें कि उनका संबोधन इस बात का प्रमाण था कि अब आतंकवादियों के आकाओं को पता है कि भारत चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल के पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए भारत ने मात्र 22 मिनट में निर्धारित लक्ष्यों पर सटीक सैन्य प्रहार किया था। मोदी ने अपने संबोधन के माध्यम से तीन मुख्य संदेश दिए- 1. भारत अपनी शर्तों पर जवाब देगाः अब कोई परमाणु ब्लैकमेलिंग नहीं चलेगी। 2. इस ऑपरेशन में मेड इन इंडिया ड्रोन और मिसाइलों का सफल प्रयोग भारत की रक्षा स्वायत्तता का प्रतीक था। 3. उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र के 193 देशों में से केवल तीन देशों ने पाकिस्तान के पक्ष में बयान दिया, जबकि बाकी देशों ने भारत का समर्थन किया। मोदी ने विपक्ष पर यह आरोप भी लगाया कि उसके नेता पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं और जवानों के पराक्रम को राजनीतिक चश्मे से देख रहे हैं। यह विपक्ष की नैतिक अस्थिरता को उजागर करता है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संबोधन पर गौर करें तो आपको बता दें कि उन्होंने स्पष्ट किया कि पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड सुलेमान, अफगान और जिब्रान जैसे अ-श्रेणी के आतंकियों को ऑपरेशन महादेव में मारा गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त प्रयास का नतीजा था। अमित शाह ने कहा कि आतंकियों के खिलाफ सबूत इतने मजबूत थे कि उनके पाकिस्तानी मतदाता पहचान पत्र तक बरामद हुए। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह कैसी राजनीति है कि आतंकियों के मारे जाने पर भी उनके चेहरे फीके पड़ गए। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर को तीनों सेनाओं के समन्वय का बेमिसाल उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन का मकसद किसी क्षेत्र पर कब्जा करना नहीं, बल्कि पाकिस्तान द्वारा पाले गए आतंकवाद की नर्सरी को खत्म करना था। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उसने दोबारा आतंकवादी गतिविधियां कीं तो ऑपरेशन सिंदूर को पुनः शुरू करने में देर नहीं लगेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 10 मई की सुबह भारतीय वायुसेना के करारे हमलों के बाद ही पाकिस्तान ने संघर्ष विराम की पेशकश की थी। उधर, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने विपक्ष के इस आरोप को खारिज कर दिया कि अमेरिका या अन्य देशों के दबाव में भारत ने ऑपरेशन रोका। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच इस अवधि में कोई सीधा संवाद नहीं हुआ था। इसके अलावा, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री के संबोधनों से जो मुख्य बिंदु उभर कर आये उसके मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र के 193 देशों में से केवल तीन ने पाकिस्तान का समर्थन किया। सिंधु जल संधि को स्थगित करना और अटारी सीमा बंद करना आतंकवाद पर भारत की सख्त नीति का संकेत था। साथ ही क्वाड, ब्रिक्स और यूएनएससी में भारत ने स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। देखा जाये तो मोदी सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत 22 मिनट में जवाबी कार्रवाई कर यह दिखा दिया कि अब लंबी चर्चाओं का समय खत्म हो चुका है। मेड इन इंडिया हथियारों के प्रयोग ने पाकिस्तान की मिसाइल और ड्रोन तकनीक की पोल खोल दी। साथ ही विदेश मंत्री जयशंकर के नेतृत्व में भारत ने विश्व स्तर पर यह विमर्श बनाया कि पाकिस्तान का आतंकवाद पूरी मानवता के लिए खतरा है। इसके अलावा, आतंकवादियों और उनके समर्थक देशों को अब यह समझना होगा कि भारत न केवल हमले का जवाब देगा बल्कि हमलावरों को समाप्त कर देगा।

> देखा जाये तो ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत अब प्रतिरक्षात्मक नहीं, बल्कि प्रहारक रणनीति अपनाने वाला राष्ट्र है। आतंकियों को यह संदेश मिला कि उनके आकाओं को भी सुरक्षित ठिकाने नहीं मिलेंगे। मोदी सरकार ने न केवल पाकिस्तान की सैन्य और आतंकवादी क्षमता को करारा झटका दिया है बल्कि वैश्विक मंच पर यह स्थापित कर दिया है कि भारत किसी भी बाहरी दबाव में नहीं झुकेगा। यह नया भारत आत्मनिर्भर है, निर्णायक है और अपनी जनता के हितों की रक्षा करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। बहरहाल, संसद में दिये गये ये भाषण भारत की रक्षा नीति, आतंकी हमले का जवाब देने की नीति और विदेश नीति के परिदृश्य को दृढ़ता से प्रस्तुत करते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि मोदी सरकार ने आतंकवाद के विरुद्ध राष्ट्रीय आवाज बुलंद की है, हालांकि विपक्ष द्वारा सुरक्षा चौकसी और खुफिया विफलता पर की गई आलोचना भी ध्यान देने योग्य है। यह बहस एक समृद्ध तथ्यों और तर्कों की लड़ाई थी, जिसमें सरकार ने सफलता हासिल की, जबकि विपक्ष ने जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में प्रयास किया।

उदय किशोर साह

बचपन के पल सुहाने

कविता

वो बचपन के पल थे कितने सुहाने
उछल कूद करते थे संग संग अनजाने
स्कूल जाने में होते थे कई कई बहाने
खेल कूद में दिन होता था नित्य बिताने

माता पिता का मिलता था प्यार अपार
गुरू जी खाता था स्कूल में बड़ी मार
पर दोस्तों से होती थी पल पल तकरार
जिन जिन को नहीं था हमसे कोई प्यार

दिन गुजरा था जब जब करते मनमानी
गढ़ लेते थे कोई भी हम झुठी। कहानी
बात बात में होती थी खेल में वैईमानी
कितना सुन्दर था वो सब अपनी नादानी

पल में झगड़ना फिर पल में दोस्ताना
रूठना और रूठे को होता था। मनाना
सुनहरी भोर का होता था गीत तराना
काश ! लौट आता एक बार पुन: जमाना

आटा चावल की ना थी कोई भी चिन्ता
छोटा समझ कर कोई गलती ना गिनता
कितना पावन था वो बीता वो जमाना
सुखद सा पल था वो अपना आशियाना

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

नगर की माहेश्वरी धर्मशाला में महिला सेवा संगठन का 50 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। नगर की माहेश्वरी धर्मशाला में महिला सेवा संगठन का 50 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। संगठन की महिलाओं ने बताया संगठन की नींव, आज से 50 वर्ष पूर्व पांच महिलाओं ने मिलकर डाली थी, जो की आज एक वट वृक्ष का रूप ले चुकी है, संगठन की सभी महिलाओं ने मिलकर बहुत सुंदर तरीके से कार्यक्रम को सुसज्जित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती सरोज अग्रवाल श्रीमती माया रंधर रहीं। डॉक्टर वर्षा विशाल अग्रवाल के संचालन में यह कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन की पदाधिकारीयों द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।जिसके पश्चात अतिथियों का गर्म जोशी के साथ माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, उसके पश्चात स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में महिलाओं की प्रस्तुतियां देखकर कोई नहीं कह सकता था की उम्र किसी जज्बात को कम कर सकती है। सरस्वती वंदना, लोकगीत अपने-अपने पिया पर सबको बड़ा नाज है, नाटक-पोते की समझदारी। गजल, भजन, नृत्य नाटिका- चल सन्यासी, लोकगीत - मॉडर्न बहू, सखियों की जुगलबंदी - लघु नाटिका और संस्मरण जो श्रीमती सरोज अग्रवाल ने सभी के साथ साझा किया और बताया कि किस प्रकार से इस संगठन की नींव डाली गई।संगठन की नींव डालने में जो पांच महिलाएं थी वह थी श्रीमती सरोज अग्रवाल, श्रीमती माया रंधर, स्वर्गीय श्रीमती लीलावती लाहोटी, स्वर्गीय श्रीमती सुषमा लाहोटी, स्वर्गीय श्रीमती कृष्णा माहेश्वरी आदि महिलाओं ने मिलकर घर से बाहर निकल कर समाज की महिलाओं के लिए एक सुखद पहल की थी। ऊषा महेश्वरी जी ने पिछले 50 वर्षों का लेखा-जोखा सभी के समक्ष प्रस्तुत किया।किस प्रकार कहां-कहां कैसे-कैसे कम दर कदम साल दर साल संगठन ने शैशवावस्था से आज प्रौढ अवस्था तक का सफर तय किया।कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती स्नेह लता अग्रवाल, सचिव श्रीमती उषा अशोक माहेश्वरी, वर्षा अग्रवाल, रमा शुक्ला अर्चना जाखेटिया, पूनम अग्रवाल, बबीता तायल, उर्मिला अग्रवाल, इंदू नरेश, तनु गोयल, ? सुरेखा मित्तल, रमा अग्रवाल, अमिता अरोड़ा, मालती वैश्य, स्नेह लता अग्रवाल, सुमन मिश्रा, नेहा अग्रवाल और महिलाओं का सहयोग रहा। सभी महिलाओं ने अपने परिवार सहित सहभोज किया।

नौजवानों को रोजगार से जोड़ने का काम देश की सरकार को करना चाहिए बाबर खां

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

रामपुर। आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की बैठक का आयोजन बाबर खां की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन मौलाना शादाब कदीरी ने किया। बैठक में बोलते हुए बाबर खां ने कहा कि देश में बेरोजगारी बहुत बढ गई हैं और महंगाई चरमसीमा पर हैं। ऐसे में नौजवानों को रोजगार से जोड़ने का काम देश की सरकार को करना चाहिए। मुस्लिम युवाओं को सरकार बीस प्रतिशत आरक्षण दें जिससे मुस्लिम समाज की तरक्की हो सके। उन्होंने कहा कि रामपुर नगर पालिका परिषद ने जिस तरह से हाउस व वारट टैक्स बढ़ाया हैं वह रामपुर की गरीब अवाम पर अत्याचार हैं। रामपुर में बीडी, कारचैब और रिक्शा चलाकर गरीब अपनी दो वक्त की रोटी खा रहे हैं यह गरीब अवाम पर अत्याचार हैं। खान शुऐब युनूस ने कहा कि जुलाई और अगस्त को तालीम सप्ताह मानकर हम अवाम को तालीम के लिए बेदार कर रहे हैं। तालीम देश की तरक्की के रास्ते खोलती हैं इसके लिए हम जल्द बाबू खां एड के स्कूल से मुहिम शुरू करेंगे। बैठक में बाबू, राहत जान खान, हाजी जलीस इकबाल खां, जब्बार खां, आरिज खां, असलम खान, जुनैद कुरैशी आदि मौजूद थे।

पिलखुवा कोतवाली पुलिस ने गैर इरादन हत्या के मामले में वांछित चल रहे पति को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

हापुड़/पिलखुवा कोतवाली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के अभियोग में वांछित/चल रहे नामजद अभियुक्त (पति) को किया गिरफ्तार।गौरतलब रहे कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे। अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाने के बीएनएस में नामजद अभियुक्त (पति) सचिन कुमार पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्राम खेड़ा थाना पिलखुवा को खेड़ा गेट के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिन पर 4200 औषधीय पौधे वितरित किये

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

नूरपुर : आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिन के उपलक्ष मे आर्य समाज एवं पतंजलि के तत्वाधान मे योगाचार्य प्रकाश चंद ने तुलसी, हरसिंगार, पीपल, वेल, आम, अमरूद, सहजन आदि के गुणधर्म बताकर 4200 औषधीय पौधे वितरण किये गए। इस अवसर पर सर्वप्रथम नवलपुर गुरुकुल की प्रधानाचार्या सविता आर्या के मार्गदर्शन में वैदिक यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। तत्पश्चात वरेण्यम आर्या ने पेड़ पौधों पर भजन प्रस्तुत किया। गुरुकुल की छात्राओं ने पेड़ पौधों एवं फलों पर नाटक प्रस्तुत किया। ब्रह्मचारिणियों द्वारा लाठी प्रहार, महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण आदि का प्रदर्शन भी किया। सभी को तुलसी, हरसिंगार के पौधे भेंट किए गए। अंकुरित चना अंकुरित मूंग का दिव्य प्रसाद देकर स्वस्थ व निरोग जीवन जीने की प्रेरणा दी। अंजू अरोड़ा ने एलोवेरा एवं पान के गुण बताए, राज्य प्रभारी अनिल सिक्का दूधी, पीपल, नीम आदि के गुणधर्म बताए, कार्यक्रम में मूलचंद गुप्ता, उमेश राणा, डॉ विनीत देवरा, अशोक त्यागी, डॉ रोहतास सिंह, सत्येंद्र आर्य अनिल कुमार डॉ ऋषि पाल, ऋषि राम, जितेंद्र वैस, रणधीर आर्य, रविंद्र पाल, शिव कुमार प्रधानाचार्य, राजीव त्यागी, प्रमोद त्यागी, राहुल त्यागी, ऋषि राज, मदन सैनी, दीपक सरोहा, शुभम वालिया, सरवन कुमार आदि का सहयोग रहा, कुशल संचालन गुरुकुल के प्रबंधक सुशील सुशील आर्य ने किया।

रामपुर में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के नए संगठन की गई घोषणा

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

रामपुर में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारी संगठन का ऐलान हो गया है, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी के दिशा निर्देश और प्रदेश अध्यक्ष वीरेश तरार के आह्वान पर रामपुर पदाधिकारी संगठन का ऐलान किया गया है, जिसमें एसोसिएशन के प्रदेश संगठन मंत्री परवेज खां और मुरादाबाद और बरेली मंडल के अध्यक्ष प्रभात भारद्वाज के द्वारा ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के रामपुर जिला अध्यक्ष शाहबाज खान की मौजूदगी में एसोसिएशन के संगठन का ऐलान किया गया है, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संरक्षक मेराज अहमद निजामी और असीम अजीज को बनाया गया है, उपाध्यक्ष संदीप शर्मा, हरपाल यादव, फवाद खां, शारिक खां, सैयद अथर मियां को बनाया गया है, महासचिव सैयद नदीम मियां को बनाया गया है,कोषाध्यक्ष आजम खां को बनाया गया है, मीडिया प्रभारी नवाज खां को बनाया गया है, जिला सचिव अलीम खां, इमरान खां को बनाया गया है ।

वीर खालसा सेवा समिति की ओर से शिव भक्तों का जोरदार स्वागत किया गया

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

रामपुर। वीर खालसा सेवा समिति की ओर से शिव भक्तों का जोरदार स्वागत किया गया समिति के सदस्य इकट्ठे होकर फोटो चुंगी के पास शिव भक्तों को मिष्ठान पानी माला पहनकर फूलों की बरखा कर कर उनका स्वागत किया गया समिति के अध्यक्ष आर्थिक ने कहा यह शहर भाईचारे का शहर है जहां सभी धर्म के लोग एक दूसरे के धर्म का सम्मान करते हैं जिस तरीके से शिव भक्त कांवर यात्रा लेकर आ रहे हैं यह बहुत ही खुशी की बात है कावड़ यात्रा जल लेकर आ रहे सभी शिव भक्तों का समिति की ओर से बहुत-बहुत स्वागत किया गया इस मौके पर पुलिस वालों का भी स्वागत किया गया जिन्होंने बहुत ही सुंदर तरीके से व्यवस्था को बनाकर रखा है इस मौके पर सेवा सिंह गुलशन अरोड़ा कुलविंदर सिंह मनप्रीत सिंह मनिंदर सिंह मोनू गोलू सनी कपूर अजीत सिंह सुरजीत सिंह अजीत सदस्य मौजूद रहे ।

पत्रकारों को नहीं मिलती टोल टैक्स और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं: पंकज कुमार दक्ष

वेलकम इंडिया महमूद रजा

बिजनौर सरकार से की न्यूनतम सहयोग देने की अपील, कहा लोकतंत्र के प्रहरी की भी होनी चाहिए सुनवाई बिजनौर पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है, लेकिन उन्हें आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। यह बात दक्ष लोक न्यूज चैनल के संपादक, वरिष्ठ पत्रकार एवं अंतरराष्ट्रीय प्रेस परिषद बिजनौर के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज कुमार दक्ष ने कही। उन्होंने पत्रकारों को लेकर मौजूदा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब किसान संगठनों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को टोल टैक्स, स्वास्थ्य और आवास जैसी सुविधाएं मिल सकती हैं, तो पत्रकारों को इससे बाहर क्यों रखा जाता है? उन्होंने कहा कि पत्रकार जब गांवों, जंगलों, बॉर्डर इलाकों या आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में जाकर खबरें कवर करते हैं, तो उन्हें न तो किसी प्रकार की सरकारी पहचान मिलती है और न ही कोई यात्रा पास या आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा। ₹महमेशा सबसे आगे खड़े रहने वाले पत्रकारों को हर मोर्चे पर खुद ही लड़ना पड़ता है,₹ पंकज कुमार दक्ष ने कहा। क्या सच दिखाने वाला सबसे कमजोर रहेगा?' पंकज कुमार दक्ष ने कहा कि यह सवाल केवल किसी सुविधा की मांग नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की सोच से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि पत्रकार हर दिन जनहित के मुद्दों को उठाते हैं, लेकिन जब बात खुद पत्रकारों की आती है, तो उन्हें ₹फालतू₹ या ₹असुविधा योग्य₹ समझ लिया जाता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की कोई राजनीतिक मांग नहीं है, बल्कि सिर्फ इतना चाहते हैं कि उन्हें रिपोर्टिंग कार्य के दौरान न्यूनतम आवश्यक सहूलियतें मिलें जैसे टोल टैक्स में छूट, आकस्मिक स्वास्थ्य सेवा, पहचान-पत्र की वैधानिक मान्यता आदि सरकार से संवेदनशील रुख अपनाने की मांग दक्ष ने स्पष्ट किया कि यह किसी सरकार या संस्था के विरुद्ध आरोप नहीं है, बल्कि एक संवेदनशील अपील है। उन्होंने कहा, ₹जो लोग अपनी आवाज खोकर दूसरों की आवाज बनते हैं, उनके लिए भी कोई व्यवस्था होनी चाहिए।₹ उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जैसे अन्य वर्गों को विशेष सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, वैसे ही पत्रकारों को भी न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं दी जाएं – ताकि वे और अधिक निष्पक्ष, निर्भीक व जिम्मेदार पत्रकारिता कर सकें।

चार शातिर चोरों को चोरी की तीन मोटरसाइकिल सहित किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

नूरपुर : थाना नूरपुर पुलिस ने चार शातिर चोरों को तीन मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना नूरपुर पुलिस द्वारा गस्त व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर धामपुर रोड स्थित उत्सव मैरिज हॉल के पास से चार अभियुक्तगणों को चोरी की तीन मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तगणो ने अपना नाम 1 - विशाल पुत्र मुकीम निवासी ग्राम उमरी थाना नूरपुर जनपद बिजनौर, 2- राजन सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी ग्राम उमरी थाना नूरपुर जनपद बिजनौर, 3- मल्लू पुत्र राकेश निवासी ग्राम अलीनगर पालनी थाना नूरपुर जनपद बिजनौर, 4- नौशाद कबाडी पुत्र मकसूद निवासी ग्राम दरियापुर थाना नूरपुर जनपद बिजनौर बताया। अभियुक्तगण ने बताया कि उनसे बरामद तीनों मोटरसाइकिलो को उन्होंने थाना नूरपुर/स्योहारा सहित अन्य जगहों से चोरी की है। उनके द्वारा 2 महा पूर्व एक मोटरसाइकिल को थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्रीन मैरिज हॉल के पास से चोरी की थी। तथा एक मोटरसाइकिल को एक माह पूर्व कस्बा नूरपुर से चोरी की थी। साथ ही उनके द्वारा एक अन्य मोटरसाइकिल को हरिद्वार थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह ने बताया कि चारों अभियुक्तगणो पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, मनोज कुमार, नरेश कुमार, गौरव कुमार, अंकित कुमार, दिनेश रहे।

पत्रकार एकता मंच की नवगठित कार्यकारिणी घोषित

वेलकम इंडिया

धामपुर : पत्रकार एकता मंच की एक बैठक नूरपुर रोड स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। जिसमें आगामी वर्ष 2025-26 के लिए गठित कार्यकारिणी की घोषणा की गई। साथ ही बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श हुआ। जिसमें निर्णय लिया गया की जल्द ही मंच की ओर से बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में पत्रकार एकता मंच के नव निर्वाचित अध्यक्ष मनोज कात्यायन ने नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें संरक्षक अनिल शर्मा एडवोकेट और विपिन कुमार, संयोजक राहुल श्याम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंतखाब उर रहमान, महामंत्री शाकिर अंसारी, कोषाध्यक्ष यतेंद्र शर्मा एडवोकेट और उपाध्यक्ष सुशील रस्तोगी, राकेश कुमार व चमन भारद्वाज के नाम घोषित किए गए। इसके अलावा मंत्री पद पर विपिन कुमार, राजीव कुमार व सुरेंद्र कुमार को जिम्मेदारी सौंप गई। संगठन मंत्री के रूप में दिग्विजय सिंह व लोकेश शर्मा और प्रचार मंत्री के रूप में हेमंत कुमार, इमरान व अमित शर्मा को कार्यकारिणी में स्थान मिला। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी के रूप में रोमियो मयूर को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कुमारी काजल व इशितयाक अली को शामिल किया गया। अध्यक्ष मनोज कात्यायन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकार एकता मंच को आगे बढ़ाने के लिए सभी एकजुट होकर कार्य करें। अध्यक्ष ने मंच द्वारा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की, उन्होंने कहा कि जल्द ही मंच की ओर से एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी से एकजुट होकर कार्यक्रमों की तैयारी में सहयोग करने की अपील। मंच के संयोजक के रूप में राहुल श्याम ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार एकता मंच एकजुट होकर आगे भी कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि मंच की ओर से ऐसे सामाजिक कार्य व जरूरतमंद लोगों की मदद करने के कार्य किए जाएंगे जो सभी के लिए प्रेरणा बनेंगे और पत्रकार एकता मंच को अलग पहचान दिलाएंगे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी ने अपने विचार रखते हुए मंच की एकजुटता और पत्रकारिता के मूल्य और आदर्शों को बनाए रखते हुए सकारात्मक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान हेमंत कुमार, यतेंद्र शर्मा, सुरेंद्र कुमार, राजीव कुमार, दिग्विजय सिंह आदि ने भी विचार रखें। बैठक की अध्यक्षता सुरेन्द्र कुमार और संचालन शाकिर अंसारी ने किया। बैठक में अध्यक्ष मनोज कात्यायन, संयोजक राहुल श्याम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंतखाब उर रहमान, उपाध्यक्ष सुशील रस्तोगी, राकेश कुमार व चमन भारद्वाज, महामंत्री शाकिर अंसारी, कोषाध्यक्ष यतेंद्र शर्मा एडवोकेट, मंत्री विपिन कुमार, राजीव कुमार व सुरेंद्र कुमार, संगठन मंत्री दिग्विजय सिंह व लोकेश शर्मा, प्रचार मंत्री हेमंत कुमार व इमरान, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी रोमियो मयूर और कार्यकारिणी सदस्य कुमारी काजल मौजूद रहे।

जिला स्तरीय बैठक संपन्न

बुलंदशहर अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन बुलंदशहर के बैनर तले शैक्षिक संगोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाना है जिसकी बैठक शांति निकेतन कॉलोनी में की गई।जिसमें आने वाले *मुख्य अतिथि किशोर मकवाना चेयरमैन राष्ट्रीय एससी आयोग भारत सरकार* का समय प्राप्त हो गया है, जिसके सम्बंध में एक बैठक का आयोजन प्रांतीय महामंत्री इंद्रजीत सिंह जारचा की अध्यक्षता,तथा संचालन वेद प्रकाश गौतम ने किया,इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि 4/9/2025 को प्रातः 10 बजे से सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह,मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन बुलंदशहर में किया जाएगा,बैठक में विस्तृत चर्चा एवं कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली गई है बैठक में इंद्रजीत सिंह जारचा,वेद प्रकाश गौतम विजय गौतम मनीष कुमार टिंकू सिंह जय सिंह वेद प्रकाश प्रमोद कुमार नरेश कुमार देव पाल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

नरसेना के पिलखनी में नहर किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, सिर पर गहरे चोट के निशान, पुलिस जांच में जुटी

वेलकम इंडिया

थाना नरसेना क्षेत्र के गांव पिलखनी में नहर किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। मृतक के सिर पर गहरे चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे युवक के साथ अनहोनी की आशंका भी जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं जानकारी के अनुसार, शनिवार को ग्रामीणों ने पिलखनी गांव के पास नहर किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा और इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना नरसेना पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा हैचौकीप्रभारी ऊंचागांव अविनाश कुमार शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, व्यक्ति की शिनाख्त जा रही है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, व्यक्ति की शिनाख्त कराई जा रही है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा
-रीतेश कुमार थानाप्रभारी नरसेना

थाना नरसेना क्षेत्र के ऊंचागांव चौकी क्षेत्र में एक अज्ञात शव मिला है मौके पर फोरेंसिक टीम मौजुद है शव की शिनाख्त कराई जा रही है
- प्रखर पांडेय क्षेत्रीय अधिकारी स्याना

महिला थाने में चार जोड़ों में सुलह कराकर भेजा घर

वेलकम इंडिया

लखीमपुर खीरी, रविवार 03 अगस्त, को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रद्धा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में काउंसलरों के सहयोग से 07 परिवारिक विवादों में सुलह का प्रयास करके 04 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराके परिवारों को टूटने से बचाने का कार्य किया गया है बताते चलें कि प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष महिला थाना श्रद्धा सिंह, के द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 07 शिकायती प्रार्थनापत्रों में काउंसलर के सहयोग सुलह समझौता का प्रयास कराके 04 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है, 03 मामले जिसमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था उन्हें सोचने समझने के लिए दोनों पक्षों की सहमति से समय दिया गया है सुलह से विदाई करने में उप निरीक्षक योगेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य महिला आरक्षी सीता, महिला आरक्षी बबली पवार का काफी सराहनी सहयोग रहा है। महिला थाना प्रभारी श्रद्धा सिंह ने बताया कि सात पारिवारिक विवादों में सुलह का प्रयास करके चार जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई। उन्होंने बताया कि तीन मामले, जिसमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था, उन्हें सोचने-समझने के लिए दोनों पक्षों की सहमति से समय दिया गया था, जिनकी सुलह कराकर विदाई कराई गई।

पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या करने वाला पति मौके से गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

मेरठ। थाना गंगानगर क्षेत्र के ग्राम अम्हैडा आदिपुर में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी। हत्या की इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। घटना शनिवार सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच की है, जब मृतका सपना अपनी बहन पिंकी पत्नी मुन्ना के घर आई हुई थी। इसी दौरान सपना का पति रवि शंकर पुत्र बिशम्बर सिंह निवासी किना नगर, थाना भावनपुर मेरठ, वहां पहुंचा और दूसरी मंजिल पर पत्नी से बातचीत करने लगा। पुलिस के अनुसार बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद रवि शंकर ने अचानक अपनी पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में सपना की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना गंगानगर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और खून से लथपथ आरोपी रवि शंकर को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से टूटा हुआ दांतदार चाकू भी बरामद किया है, जिसे हत्या में इस्तेमाल किया गया।

वैष्णवी डांस इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में हरियाली तीज के कार्यक्रम का आयोजन

समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ दिनाँक 3 अगस्त 2025। वैष्णवी डांस इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में हरियाली तीज के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ वैष्णवी डांस इंस्टीट्यूट के बच्चों द्वारा गणेश वंदना नृत्य से किया गया, कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें रील प्रतियोगिता में रीता श्रीवास्तव एवं रेखा विजेता रहीं, मेहंदी आधारित प्रतियोगिता में प्रियंका निगम विजेता रहीं एवं मित्रता दिवस पर आधारित प्रतियोगिता में श्रद्धा श्रीवास्तव एवं शर्मिला विजेता रहीं। तीज क्वीन प्रतियोगिता में तीज क्वीन का खिताब श्रद्धा श्रीवास्तव ने फस्ट रनर अप रेखा ने एवं सेकेंड रनर अप वर्तिका ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजाजीपरम की पार्षद गौरी सांवरिया, अतिथि रेखा झा एवं निर्णायक डॉ ऋचा आर्या उपस्थित रहीं। वैष्णवी डांस इंस्टीट्यूट की निदेशिका नेहा वर्मा ने बताया कि इंस्टीट्यूट द्वारा समय समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, तीज का त्योहार हमारे सनातन धर्म की पहचान है, इसलिए इंस्टीट्यूट प्रत्येक वर्ष इस त्यौहार को बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है।

शिक्षा जगत के मालवीय पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय को बेल्हावासियो ने दी श्रद्धांजलि

विजय वेलकम इन्डिया



प्रतापगढ़ । बेल्हा की धरती के महापुरुष पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय की 127 वी जयन्ती पर बेल्हावासियो ने जगह जगह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर देश प्रदेश और जिले मे उनके द्वारा दिए योगदान को याद कर श्रद्धांजलि दी । प्रतापगढ़ जिले के प्रथम सांसद रहे पं. मुनीश्वर दत्त उपाध्याय जिन्हे शिक्षा जगत का मालवीय कहा जाता हैं। उन्होंने प्रतापगढ़ में दो दर्जन शिक्षण संस्थानों की स्थापना कर ज्ञान का प्रकाश फैलाने का काम किया था। पंडित जी का जन्म तीन अगस्त सन नवासी को लालगंज तहसील के लक्ष्मणपुर शिवबोझ गांव में गजाधर प्रसाद उपाध्याय के घर हुआ था। पंडित जी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित थे किसके लिए उनदहोने इलाहाबाद के महापौर कार्यालय की नौकरी छोड़कर स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया था। आजादी के बाद दिल्ली में उन्होंने पं. जवाहर लाल नेहरू, सरदार बल्लभ भाई पटेल, डा. राजेंद्र प्रसाद के बीच सफलता पूर्व कार्य करते हुए उनमें अपनी एक अलग पहचान बनाई। वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पहले अध्यक्ष रहे। उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें संविधान निर्मात्री सभा का सदस्य बनाया गया था। उनकी संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए वर्ष 1955 में उन्हें प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। वर्ष 1952 व 1957 में प्रतापगढ़ से दो बार सांसद हुए। उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें संविधान निर्मात्री सभा का सदस्य बनाया गया था।

वार्ष्णेय वेलफेयर समिति डिबाई का तीज मिलन समारोह मनाया गया

वेलकम इंडिया

डिबाई,(बुलंदशहर): वार्ष्णेय वेलफेयर समिति डिबाई का तीज मिलन समारोह श्री शिव शक्ति कैलाश ज्ञान मंदिर डिबाई में बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें वार्ष्णेय वेलफेयर समिति की चंदौसी से आई संस्था की प्रदेश अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, प्रदेश महामंत्री बृजवाला वार्ष्णेय, प्रदेश मंत्री रचना वार्ष्णेय, एवं कल्पना वार्ष्णेय ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। संस्था की जिला अध्यक्षा चेतना वार्ष्णेय व जिला सचिव दीपशिखा वार्ष्णेय ने बाहर से आई मुख्य अतिथियों का स्वागत करके सभी पदाधिकारियों के गले में पटके पहनाये। कार्यक्रम शुरूआत से पहले मुख्य अतिथि ने श्री अक्रूर जी महाराज के चित्र पर दीप जलाया। वार्ष्णेय महिलाओं ने नृत्य, गीत-संगीत और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। नृत्य प्रतियोगिता में नीता वार्ष्णेय प्रथम, प्रीति वार्ष्णेय द्वितीय, अंजली वार्ष्णेय तृतीय चुनी गई और प्रदेश अध्यक्ष लता वार्ष्णेय चंदौसी को तीज क्वीन चुना गया। कार्यक्रम का संचालन विनीता वार्ष्णेय और नविता वार्ष्णेय ने किया। इसी बीच भक्ति व फिल्मी गानों पर वार्ष्णेय महिलायों ने नृत्य करके खूब धमाल मचाया। इस मौके पर वार्ष्णेय वेलफेयर समिति की जिलाअध्यक्षा चेतना वार्ष्णेय, जिला सचिव दीपशिखा वार्ष्णेय, नगर अध्यक्ष पूर्णिमा भंडारी, नगर सचिव अनीता वार्ष्णेय, नगर कोषाध्यक्ष पूनम वार्ष्णेय के अलावा साधना वार्ष्णेय,रेनू वार्ष्णेय, शैलेश वार्ष्णेय, रूबी वार्ष्णेय, ज्योति वार्ष्णेय, भावना वार्ष्णेय, नीता वार्ष्णेय, गीता वार्ष्णेय, रश्मि वार्ष्णेय, मीनाक्षी वार्ष्णेय, संगीता वार्ष्णेय, नमिता वार्ष्णेय, अनुराधा वार्ष्णेय, प्रीति वार्ष्णेय, रेशु वार्ष्णेय, शशी वार्ष्णेय, अरुणा, गौरी, विनीता वार्ष्णेय एवं प्रचार मंत्री अंजली वार्ष्णेय व पारुल वार्ष्णेय आदि मौजूद रही।

सावन की अंतिम सोमवारी पर बनेगा दुर्लभ संयोग: ज्योतिषाचार्य कावेरी मुखर्जी ने बताया पूजन का शुभ मुहूर्त

वेलकम इंडिया

प्रयागराज। श्रावण मास की चौथी और अंतिम सोमवारी इस वर्ष 4 अगस्त को आ रही है, और इस दिन अत्यंत शुभ और दुर्लभ संयोगों का संगम हो रहा है। प्रयागराज की प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य कावेरी मुखर्जी के अनुसार, इस दिन एकादशी तिथि, सर्वार्थ सिद्धि योग, और रवि योग का मिलन हो रहा है, जो इसे अत्यंत पुण्यदायी बना देता है। धार्मिक मान्यता है कि ऐसे दुर्लभ योग में भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा करने से समस्त पापों का नाश होता है और जीवन में सुख, समृद्धि तथा शांति की वर्षा होती है।

ज्योतिषाचार्य कावेरी मुखर्जी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि इस पावन अवसर पर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

सीएम योगी जिले को देंगे 20 अरब की सौगात, छह को होने वाली सीएम की सभा की तैयारियां शुरू

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 6 अगस्त के प्रस्तावित दौरे को लेकर नगर निगम ने शहर को चमकाने की तैयारी शुरू कर दी है। सीएम रूट की सड़कों के साथ टूटे डिवाइडरों की मरम्मत कराने के लिए अफसरों को निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री स्मार्ट सिटी की करीब 400 करोड़ की परियोजनाओं को सौगात देंगे। सीएम के दौरे से पहले रविवार को बरेली कॉलेज ग्राउंड पर पंडाल बनना शुरू हो गया। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 174 करोड़ रुपये की लागत से विकसित अर्बन हाट अब पूरी तरह बनकर तैयार है। यह प्रोजेक्ट बरेली की हस्तशिल्प, बुनकरी और लोक कलाओं को एक बड़ा मंच देगा। इसके अलावा नगर निगम ने सड़क, सीवरेज और स्ट्रीट लाइटिंग से जुड़ी योजनाओं की सूची तैयार कर ली है। ये योजनाएं लगभग 110 करोड़ रुपये की हैं। सीएम ग्रिड योजना फेज-2 में नगर निगम के निर्माण विभाग ने 65 करोड़ रुपये की परियोजनाएं तैयार की हैं। वहीं 35 करोड़ रुपये की लागत से तैयार जीआईसी आडिटोरियम, 11 करोड़ से बना स्काई वाक और 10 करोड़ से तैयार राइफल क्लब को भी नगर निगम में सूचीबद्ध किया है। निगम के अधिकारियों के अनुसार सभी प्रस्ताव तैयार कर फाइलें शासन को भेजी जा चुकी हैं। इन सभी परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण मुख्यमंत्री करेंगे।

पुलिस आरक्षी लिखित परीक्षाशांतिपूर्ण सम्पन्न

वेलकम इंडिया

बागेश्वर, गोविन्द मेहता, उत्तराखंड पुलिस की लिखित परीक्षा को पारदर्शिता और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए एसपी चन्द्रशेखर घोड़के द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्थाए कराई गई। कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित हुई परीक्षा में चार परीक्षा केंद्रों पर 1104 अभ्यर्थियों में से 1053 ने परीक्षा दी। उत्तराखंड पुलिस लिखित परीक्षासभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण संपन्न हो गई है। कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस आरक्षी, पीएसी, आईआरबी पुरुष की लिखित परीक्षा में जिले में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें 1104 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। कुल पंजिकृत अभ्यर्थियों में 1053 ने परीक्षा दी। जो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे उनमें विक्टर मोहन जोशी राजकीय इंटर कालेज बागेश्वर में 360 पंजीकृत अभ्यर्थी थे, जिसमें 337 उपस्थित तथा 23 अनुपस्थित रहे। राइका मंडलसेरा में पंजीकृत परीक्षार्थी 240 थे। जिसमे 230 उपस्थित तथा 10 अनुपस्थित रहे। राइका रवांईखाल में 240 पंजीकृत थे। 230 ने परीक्षा दी तथा 10 अनुपस्थित रहे। पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज गरुड़ में में 264 में से 256 ने परीक्षा दी जबकि आठ अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सभी अभ्यर्थियों में पुलिस में नौकरी मिलने हेतु परीक्षा में सफलता पाने का जोश नजर आया। वही सभी परीक्षा केंद्रों में अभ्यर्थियोकी सघन चेकिंग की व्यवस्था की गई।

बरेली शहर के 80 वार्डों को कूड़ा निस्तारण के लिए मिलेंगे आधुनिक उपकरण

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

बरेली। सिटीज 2.0 योजना के तहत शहर के 80 वार्डों को कचरा मुक्त किया जाएगा। इसके लिए हाईटेक उपकरण मिलेंगे, जो वार्डों के विकास और स्वच्छता में सुधार के लिए उपयोग किए जाएंगे। इसके लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (एनआईयूए) और टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड (टीसीई) की संयुक्त टीम ने एक विस्तृत अध्ययन रिपोर्ट तैयार कर केंद्र सरकार और नगर आयुक्त को सौंपी है। इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि हाईटेक उपकरणों के उपयोग से वार्डों की स्वच्छता में सुधार होगा और कूड़ा-कचरा प्रबंधन बेहतर होगा। इसके अलावा बेहतर सुविधाएं मिलने नागरिक अपने वार्डों के विकास में भागीदार भी बनेंगे। पिछले साल सिटीज 2.0 के लिए देशभर की 84 स्मार्ट सिटीज ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपने-अपने प्रोजेक्ट को शामिल किया था। इसमें बरेली समेत 18 स्मार्ट सिटी का चयन हुआ था। नगर निगम से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों केंद्र सरकार के दिशा निर्देश पर दो टीमों ने बरेली पहुंचकर 80 वार्डों का सर्वे कर अपनी रिपोर्ट तैयार की। जिसमें कहा गया कि वर्तमान में वार्ड स्तर पर कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया में आधुनिक उपकरणों की भारी कमी है, जिससे सफाई व्यवस्था बाधित होती है। टीम ने वार्डों का भौतिक निरीक्षण कर यह निष्कर्ष निकाला कि प्रभावी निस्तारण के लिए आधुनिक मशीनों और तकनीकों की जरूरत है।। स्थानीय स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी भी इस पूरी प्रक्रिया में बेहद महत्वपूर्ण होगी। उनकी सक्रिय सहभागिता से न केवल रोजगार सृजन होगा, बल्कि कचरा प्रबंधन की जिम्मेदारी भी विकेंद्रीकृत होकर अधिक सुचारु रूप से संचालित हो सकेगी। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि संयुक्त टीमों ने शहर के सभी वार्डों का सर्वे पूरा कर रिपोर्ट सौंपी है। जिसके तहत कूड़ा निस्तारण के लिए आधुनिक उपकरण लिए जाएंगे। इसके लिए शीघ्र ही अधिकारियों के साथ बैठकर प्लानिंग की जाएगी। शासन से दिशा-निर्देश आने के बाद चयनित हर वार्ड की निगरानी के लिए अधिकारी भी नियुक्त किए जाएंगे।

पार्थिव शिवलिंग निर्माण का भव्य आयोजन कलश यात्रा के साथ आरंभ

वेलकम इंडिया

झांसी! श्रावण मास के महीने में लगातार हो रहे भक्ति कार्यक्रम झाँसी एक कलश यात्रा शिवाजी नगर नारायण बाग से निकाली गई जो निज निवास से प्रारंभ होकर पटा वाले हनुमान जी मंदिर पर पूजा पाठ के पशचात कर पुनः निज निवास पर संपन्न हुई। कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं सर पर मंगल कलश लेकर चल रही थी और डीजे ढोल बैंड भी साथ में आकर्षण का केंद्र रहे सभी ने भक्ति रस में डूब कर कलश यात्रा और भक्ति का रसपान किया मनीष शिवहरे एवं अभिषेक साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम श्रीमन नारायण बाबा भोलेनाथ और माता-पिता के आशीर्वाद से संपन्न हो रहा है उन्हीं की इच्छा व आशीर्वाद से इस कार्यक्रम को हम लोग मिलकर कर रहे हैं ! जिसमें पार्थिव शिवलिंग का निर्माण होगा यह कार्यक्रम पांच दिवसीय कार्यक्रम होगा 3 अगस्त से 7 अगस्त तक यह कार्यक्रम चलेगा जिसका समापन 7 तारीख को हवन पूजन एवं भंडारे के साथ समापन होगा मुख्य यजमान रहे मनीष शिवहरे (कल्लू) एवं श्रीमती प्रियल शिवहरे, अभिषेक साहू एवं श्रीमती सोनल साहू रहे ! कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अर्जुन सिंह यादव वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी रहे शोभायात्रा में बृजबिहारी शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, रवि शर्मा, अविनाश (अंगद) यादव, अतुल सेठ, सीए सुमित नीखरा, राजीव शिवहरे, कमल सिंह, कालका आर्य, विनोद व्यास, राहुल यादव, जितेंद्र यादव, दीपक सिंह, मुकेश, मनीष राय, रोहित राय, युवराज, अक्षय, अमित मोर, लक्ष्मी नारायण साहू, कमल किशोर साहू, नीलम यादव, ऋचा नीखरा, नीलम गुप्ता, वर्षा राय, मनोरमा शर्मा, पूजा शर्मा, राधिका शर्मा आदि उपस्थित रहे !

सी सी सी को 76 रनों से हराकर प्लेयर चॉइस ने मिस्टर खान ट्रॉफी जीती

वेलकम इंडिया

अलीगढ़/अतरौली नगर के प्लेयर चॉइस क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे मिस्टर खान ट्रॉफी क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मुकाबला चंदू क्रिकेट क्लब एवं प्लेयर चॉइस क्रिकेट एकेडमी अतरौली के बीच खेला गया पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी करणी सेना के प्रदेश प्रवक्ता मनोज चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि प्लेयर चॉइस क्रिकेट एकेडमी अतरौली ने टॉस जीत का पहले बल्लेबाजी करते हुए ओपनर बल्लेबाज हिमांशु वर्मा ने 23 बाल का सामना करते हुए सात चौके चार गगनचुंबी छक्के आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 54 रन पारितोष राज 36 कप्तान कपिल ने 7 चौक दो छक्के की मदद से सर्वाधिक 57 रन महान शर्मा के नाबाद 11 रनों के सहयोग से निर्धारित 20 ओवर में 197 रनों का विशाल लक्ष्य दिया चंदू क्रिकेट क्लब की ओर से सौरव दो गौरव दो विजय एक हर्ष ठाकुर ने एक खिलाड़ी को आउट किया लक्ष्य का पीछा करते हुए चंदू क्रिकेट क्लब की ओर से ओपनर बल्लेबाज तनिष्क कुमार 35 हर्ष ठाकुर 20 विशाल 12 गौरव 11 चंद्रवीर 20 रनों के सहयोग से पूरी टीम 120 रन पर ऑल आउट हो गई रॉबिन यादव 4 कपिल 2 आशुतोष राज 2 लकी ने 1 खिलाड़ी को आउट किया चंदौसी को 76 रनों से हराकर मिस्टर खान ट्रॉफी पर प्लेयर चॉइस एकेडमी अतरौली ने कब्जा कर लिया मैन ऑफ द टूनामेंट कपिल कुमार सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज गौरव कुमार सर्वश्रेष्ठ बॉलर सौरभ कुमार सर्वश्रेष्ठ फील्डर महान शर्मा मैन ऑफ द मैच कपिल कुमार रहे मुख्य अतिथि बी जे पी के जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा श्री उदय पाल सिंह ने विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले समय में युवा खिलाड़ी प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी संदीप शर्मा आई यू खान भैया जी दीपू सक्सेना वरुण चौधरी कोच अरुण राज प्रवीण राजपूत विनोद राजपूत अक्षय यादव योगेश कुमार कोच रिजवान खान आदि लोग मौजूद रहे।

बरेली के जिला महिला अस्पताल में एक मां ने तीन बच्चों को दिया जन्म, चारों सुरक्षित

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

बरेली। जिला महिला अस्पताल में रविवार को गम्भीर प्रसव पीड़ा में भर्ती हुई मरीज ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया, जिला महिला अस्पताल के स्टाफ ने सूझबूझ के साथ सुरक्षित प्रसव कराया, तीनों बच्चे और महिला स्वस्थ्य हैं। जिले के फतेहगंज पश्चिमी के सिहोरा गांव निवासी अशरफ की पत्नी कमरुन्निसा 9 माह की गर्भवती थीं, रविवार तड़के करीब 4 बजे उसे गंभीर प्रसव पीड़ा होने लगी जिस पर परिजन करीब 5 बजे उसे लेकर जिला महिला अस्पताल पहुंचे, यहां स्टाफ ने मरीज की हालत गंभीर देख फौरन लेबर रूम में शिफ्ट किया। आनन-फानन में प्रसव कराया तो महिला ने तीन स्वस्थ्य बच्चों को जन्म दिया, प्रसव कराने वाले स्टाफ में वरिष्ठ डॉक्टर सीमा सिंह के साथ रेजिडेंट डॉक्टर तेजस्वनी व नर्सिंग स्टाफ मधु और वाणी शामिल रहे। आपको बता दे कि जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर त्रिभुवन प्रसाद ने बताया है कि ट्रिप्लेट डिलीवरी अन्य की तुलना में जटिल होती है लेकिन स्टाफ ने पूरी सूझबूझ दिखाते हुए प्रसव कराया। हालांकि एमसीएच विंग बनने के बाद ट्रिप्लेट प्रसव के ये पहला मामला है। हालांकि तीनों शिशुओं को एसएनसीयू में भर्ती किया गया है।

भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त हुए ठाकुर यशवीर सिंह

वेलकम इंडिया



मथुरा/चौमुहां। भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठैनुआ व जिलाध्यक्ष देवेंद्र पहलवान की सहमति परठाकुर यशवीर सिंह को संगठन का मैन बॉडी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पूर्व यशवीर राघव भाकियू भानु के शैक्षिक प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह संगठन के प्रति अग्रसर रहने की शपथ दिलाई। साथ ही कहा कि यशवीर सिंह की ईमानदारी व संगठन के प्रति कार्यों को देखकर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर चुना गया है। इसके साथ ही नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर यशवीर सिंह ने कहा कि वह संगठन के साथ जुड़कर किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर किरणपाल सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठैनुआ, जिलाध्यश देवेंद्र पहलवान, श्री राष्ट्रीय करणी सेना जिलाध्यक्ष कन्हैया ठाकुर, विष्णु पहलवान, अजय शर्मा, हरिओम शर्मा, गौरव चौहान, हरेंद्र सिंह तरकर, बंटी सिसोदिया, राहुल राजपूत आदि ने उन्हें बधाई दी।

प्रसाद परोसते हुए डीएम ने शिवभक्तों से पूछा - यात्रा में कोई परेशानी तो नहीं हुई

बरेली। श्रावण मास में कांवड़ यात्रा पर निकले भोले के भक्तों के स्वागत में इस बार बरेली का प्रशासन भी पूरी तरह तैयार है। रविवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह खुद आंवला तहसील के गांव नितोई और रामगंगा पहुंचे, जहां उन्होंने शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा की, माला पहनाकर उनका स्वागत किया और भंडारे में प्रसाद भी वितरित किया। इस अवसर पर शिवभक्तों से बात करते हुए डीएम ने यात्रा के अनुभव भी जाने और यह पूछा कि कहीं रास्ते में कोई परेशानी तो नहीं हुई। प्रशासन की ओर से श्रावण के हर रविवार और सोमवार को जिले की हर तहसील में भंडारे लगाए जा रहे हैं। यहां कांवड़ यात्रा पर निकले श्रद्धालु न सिर्फ प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं बल्कि आराम भी कर पा रहे हैं। साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हर जगह मेडिकल कैंप भी लगाए गए हैं, ताकि किसी श्रद्धालु को तबीयत बिगड़ने पर तुरंत इलाज मिल सके।

अतुल बने भाकियू भानु के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, किसानों ने मिठाई बांटकर जताया हर्ष

वेलकम इंडिया

मथुरा। भारतीय किसान यूनियन भानु में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने सैकड़ों किसानों की मौजूदगी में मथुरा जनपद के निवासी अतुल कुमार को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी देकर मनोनयन प्रमाण पत्र सौंपा। उत्तर प्रदेश अध्यक्ष (पहलवान प्रकोष्ठ) भूरा पहलवान ने मिठाई बांटकर हर्ष व्यक्त किया। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अतुल कुमार ने कहा कि वह पूरी ईमानदारी के साथ अपने देश के किसानों की आवाज बनेंगे और बताया कि भारतीय किसान यूनियन भानु पहलवान प्रकोष्ठ के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान की सहमति पर वृंदावन निवासी देवेन्द्र चौधरी को जनपद मथुरा का जिला कुमार को राष्ट्रीय संगठन मंत्री, नगला ताज के निवासी चौधरी प्रेम पाल सिंह भरंगर को आगरा मण्डल अध्यक्ष, सिहोरा निवासी जितेंद्र उपाध्यक्ष एवं सिहोरा निवासी अशोक चौधरी को मनोनयन प्रमाण पत्र देकर जिला सचिव नियुक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान ने बताया कि रोजाना सैकड़ों की संख्या में किसान भारतीय किसान यूनियन भानु में जुड़ रहे हैं किसान बिजली, सड़क, खाद एवं निराश्रित गौवंश, खतौनी में गलत अंश निर्धारण की समस्या से जूझ रहे हैं। इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन से प्रशासन को जगाने का काम करेंगे इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

लखावटी गंग नहर कटने से अहमदगढ़ में सैकड़ों बीघा फसल हुई जलमग्न किसान परेशान

वेलकम इंडिया

अहमदगढ़। रविवार को अहमदगढ़ थाना क्षेत्र में नहर की पटरी कटने से सैकड़ों बीघा फसल पानी में डूब गई। जिससे किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। सूचना पर पहुंची सिंचाई विभाग की टीम ने जेसीबी की मदद से नहर के कटाव को रोक दिया है। यह नहर अहमदगढ़ से होकर गुजर रही लखावटी गंग नहर की पटरी कट गई, जिससे आसपास के क्षेत्र की सैकड़ों बीघा फसल में पानी भर गया। वही श्मशान घाट एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अहमदगढ़ में पानी भर गया है अब लोगों को पानी में होकर निकलना पड़ रहा है।नहर कटने की सूचना पर सिंचाई विभाग के एसडीओ ब्रह्मपाल और जिलेदार जेसीबी मशीन को लेकर पहुंचे और मिट्टी डालकर नहर के कटाव को रोका गया। उधर भाकियू (अन्नदाता) के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीणा ने कहा है कि किसानों की बर्बाद फसल के नुकसान का जिला प्रशासन द्वारा आंकलन कराया जाय और किसानों को आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाए।

द केरला स्टोरी फिल्म को अवार्ड मिलने पर संतों ने खुशी जताई

वेलकम इंडिया

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर मस्जिद केस के मुख्य याचिका कर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने कहा कि इस फिल्म में सच्चाई दिखाई गई है, जिस तरह सनातन धर्म की भोली भाली बच्चियों को लव जिहाद में फसाया जाता है, उन बच्चियों को विदेश में बेचा जाता है, सच्चाई कड़वी होती है इसलिए केरल के मुख्यमंत्री नाराज हो रहे हैं। साध्वी मीरा किशोरी जी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी को सच्चाई जानने पर नाराज नहीं होना चाहिए, देश में सनातन धर्म के खिलाफ बहुत लोग षड्यंत्र कर रहे, समाजसेवी राजेश पाठक ने कहा कि इस फिल्म को ऑस्कर अवार्ड मिलना चाहिए, इस फिल्म के प्रोड्यूसर, डायरेक्टर को सम्मानित करना चाहिए, महंत नीरज ब्रह्मचारी ने कहा कि सनातन धर्म की सभी माता बहनों को यह फिल्म देखकर जागरूकता आई है,इस प्रकार की फिल्म जरूर बननी चाहिए उन्होंने कहा कि केरल के मुख्यमंत्री सनातन विरोधी हैं।

दो साल पुराने जख्म भूलाकर, मुस्लिम महिलाओं ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

बरेली। दो साल पहले बारादरी थाना क्षेत्र के जोगी नवादा में कांवड़ यात्रा को लेकर हुए तनाव और फायरिंग की घटनाओं से उपजा तनाव अब पूरी तरह खत्म हो चुका है। जिस जगह कभी हिंदू-मुस्लिम समुदायों के बीच गहरी खाई दिखती थी, वहीं अब आपसी सौहार्द और भाईचारे की नई मिसाल कायम हो रही है। रविवार को सावन की अंतिम कांवड़ यात्रा में ऐसा ही नजारा देखने को मिला। महंत राकेश कश्यप के नेतृत्व में निकला कांवड़ जत्था न सिर्फ मुस्लिम मोहल्लों से होकर शांतिपूर्वक गुजरा, बल्कि स्वागत की ऐसी मिसाल पेश की गई, जिसने बीते विवादों को पीछे छोड़ दिया। मुस्लिम महिलाओं ने कांवड़ियों पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। गौरतलब है कि दो वर्ष पूर्व इसी यात्रा को लेकर विवाद हुआ था। उस समय दूसरे समुदाय के लोगों ने कांवड़ यात्रा को परंपरागत न मानते हुए रोक दिया था, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया था और जुलूस नहीं निकल पाया था। लेकिन इस बार पुलिस-प्रशासन की निगरानी में यात्रा सकुशल संपन्न हुई। कांवड़ यात्रा मौर्य गली से शुरू होकर कब्रिस्तान तिराहा, शाहनूरी मस्जिद होते हुए मुस्लिम बाहुल्य इलाकों से गुजरते हुए बनखंडी नाथ मंदिर तक पहुंची।

चोरी और नकबजनी के मामले का पदार्फाश, तीन शातिर चोर गिरफ्तार

असदुल्लाह सिद्दीकी

खेसरहा/सिद्धार्थनगर। जनपद के खेसरहा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तीन शातिर नकबजनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के दो दर्जन से अधिक पीतल के बर्तन और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम बद्री विशाल मिश्रा, आदित्य मिश्रा, गोविंद तीनों खेसरहा थाना क्षेत्र के निवासी हैं। कई महीनों से इलाके में हो रही नकबजनी की घटनाओं में वांछित थे। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे दिन में टारगेट घरों की रेकी करते और रात को रस्सी, दीवार या अन्य रास्तों से प्रवेश कर चोरी को अंजाम देते। उनका मुख्य निशाना सोने-चांदी के गहने, पीतल व अन्य धातुओं के बर्तन था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बनौली रोड पर सक्रिय तीनों आरोपियों को गिरफ्तारी से पहले एक और वारदात की तैयारी करते हुए धर दबोचा। उनके पास से 17 पीतल की थालियां, 5 लोटे, 4 कटोरे, 1 मोबाइल फोन बरामद हुआ।पुलिस रिकार्ड के अनुसार बद्री विशाल मिश्रा और आदित्य मिश्रा के खिलाफ पहले से 6 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। गोविंद के खिलाफ अन्य थानों में मुकदमों की पड़ताल जारी है। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की चोरी, नकबजनी, आपराधिक षड्यंत्र और संपत्ति क्षति संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि दिखे तो बिना देर किए नजदीकी थाने या पुलिस हेल्पलाइन पर जानकारी दें। नागरिक सतर्कता से अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

यमुना जी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत जिलाधिकारी और कप्तान ने किया घाटों का निरीक्षण

वेलकम इंडिया

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने यमुना जी के बढ़ते जल स्तर के दृष्टिगत घाटों तथा आस-पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने नौका विहार के माध्यम से बंगाली घाट, विश्राम घाट, श्याम घाट, राजा घाट, दाऊजी घाट, स्वामी घाट सहित अन्य घाटों का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाटों के आस पास निरंतर गश्त करते रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि महत्वपूर्ण घाटों के आस पास बैरीकेडिंग करे तथा नियमित दूरी पर यमुना जी से दूर रहने की चेतावनी के चिन्ह/ नोटिस लिखवाए जाए। उन्होंने अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

कपकोट पुलिस को चरस तश्करी में मिली बड़ी सफलता

वेलकम इंडिया

बागेश्वर, गोविन्द मेहता, बागेश्वर जिले को नशामुक्त बनाये जाने और अवैध मादक पदार्थों की तश्करी रोकने हेतु एसपी चन्द्रशेखर घोडके के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी कपकोट मनीष शर्मा के पर्यवेक्षण में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे सघन चैकिंग अभियान के तहत कपकोट पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में अवैध चरस की तश्करी करने वाले तीन अभियुक्तों से ढाई किलो से अधिक अवैध चरस को पकड़ने में सफलता मिली है।जिसकी अंतर्राष्ट्रीयबाजार कीमत लगभग 15 लाख है। थानाध्यक्ष खुशवंत सिंह के नेतृत्व में कपकोट पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, शामा बैण्ड कपकोट से एक वाहन में कुछ लोग सवार थे, तभी पुलिस टीम द्वारा वाहन की चेकिंग की गई।वाहन में मौजूद व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत होने पर गहनता से चेकिंग की गई तो पुलिस टीम को तीनों व्यक्तियों के पास से अवैध चरस बरामद हुई।चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक जीवन सामंत ने चेकिंग के दौरान दो किलो 511ग्राम अवैध चरस बरामद की।पकड़े गए तीनो अभियुक्तों में चंचल सिह पुत्र मान सिह निवासी झूनी के कब्जे से 903 ग्राम ,लोकपाल सिह पुत्र उत्तम सिह के कब्जे से 804 ग्राम जबकि विक्रम सिह पुत्र चामू सिह के कब्जे से 804 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस ने मौके से प्रयुक्त किए गए वाहन संख्या वड02-ळअ 2854 को भी सीज कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाना कपकोट में एनडीपीएस एक्ट में धारा-8/20/60 मुकदमा दर्ज किया गया। मामले का एसपी चन्द्र शेखर घोड़के ने मामले का खुलासा करते हुए कपकोट पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस का अवैध तश्करी करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।उन्होंने पुलिस टीम को 2500 रुपए की नगद धनराशी से पुरस्कृत करने की घोषणा की ।आरोपियों को पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष खुशवंत सिंह, उपनिरीक्षक, जीवन सामन्त सहित अन्य पुलिस कर्मी थे।

व्यापारी नेता नीरज पहाड़ी का निधन, व्यापारी जगत में शोक

जहाँगीराबाद। व्यापारियों की आवाज को पुरजोर तरीके से उठाने वाले जहाँगीराबाद निवासी व्यापारी नेता नीरज पहाड़ी का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। शनिवार की शाम साढ़े 8 बजे उन्होंने अपने आवास पर ही अंतिम सांस ली। उनके निधन से व्यापारी जगत सहित पूरे नगर में शोक की लहर है। नीरज पहाड़ी पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर पाकर विभिन्न राजनैतिक दलों से जुड़े नेताओं सहित सैकड़ों लोगों ने उनके आवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया। नीरज पहाड़ी शराब कारोबारी थे। नीरज पहाड़ी राजनीति में भी सक्रिय थे। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की सुबह उनका अंतिम संस्कार अनूपशहर के मस्तराम घाट पर किया गया।

किसान नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का करे छिड़काव ,कम लागत में उपज होगी अच्छा

असदुल्लाह सिद्दीकी

सिद्धार्थनगर। इफको के द्वारा जनपद में पन्द्रह बी पैक्स पर पीएम किसान सम्मान निधि की 20वी किस्त के तहत कार्यक्रम को किसानों को दिखाया गया ।मुख्य अतिथि में सहकारिता विभाग के एआर राकेश गौतम रहे इन्होंने किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि नैनो यूरिया और डीएपी के प्रयोग से किसानों के फसल में कम लागत में अधिक उपज मिलेगी। दानेदार उर्वरक से मनुष्य के स्वास्थ पर ज्यादा प्रभाव पड़ रहा है जिससे मनुष्य को अनेक बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इन्होंने ये भी कहा कि मृदा की उर्वरा शक्ति में भारी कमी आ रही है । नैनो यूरिया और नैनो डीएपी तरल का किसानों को उपयोग करने का आग्रह करते हुए कहा कि किसान अपने नजदीकी सघन सहकारी समिति पर जाकर नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जाकर ले और अपने खेतो में छिड़काव करे । इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय अधिकारी अरविंद प्रताप, शमीम, अजीज एवं भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

चोर के शोर में युवक की पिटाई पांच का चालान

वेलकम इंडिया

कांधला। संवादाता **मोहसीन रहमानी।** कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती भाभी के लिए चाय लेने जा रहे युवक को आधा दर्जन युवकों ने चोर समझकर मारपीट पर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग की धारा में चालान कर दिया दिया है। थाना क्षेत्र के गांव दुर्गनपुर खेड़ा निवासी मोनू अपनी भाभी माया पत्नी बिट्टू को प्रसव पीड़ा होने के चलते कस्बे के सरकारी अस्पताल में लेकर आया था। कुछ देर बाद युवक कस्बे के इदरीश बैग बिहार कॉलोनी में भाभी के लिए चाय लेने पहुंचा तो आरोप है कि मोहल्ले के लोगों ने चोर समझकर युवक को घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी।किसी तरह युवक जान बचाकर सरकारी अस्पताल पहुंचा और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, ओर मामले की जानकारी ली।पुलिस ने मौके से पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने अपने नाम आरिफ पुत्र असगर, शफीक पुत्र अब्दुल, अकरम पुत्र जाकिर, कासिम पुत्र नन्नू व फारूख पुत्र अनीस बताया है। पुलिस ने पकड़े गए पांच लोगों का रविवार को शांति भंग की धारा में चालान कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़े गए पांचों लोगों ने चाय लेने जा रहे युवक के साथ चोर समझ कर मारपीट की थी। पांच लोगों का चालान कर जेल भेज दिया गया।

एडवोकेट संजू सैनी ने जन्मदिन पर राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर में पौधा रोपण एवं वितरण किए

डॉ.शंभू पंवार

नई दिल्ली। 3 अगस्त।राजस्थान उच्च न्यायालय ,जयपुर बार एसोसिएशन के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट संजू सैनी ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर उच्च न्यायालय परिसर में पौधारोपण एवं पौधा वितरण का भव्य आयोजन किया गया। एडवोकेट संजू सैनी ने बताया इस पर्यावरणीय पहल का उद्देश्य हरित परिसर को बढ़ावा देना एवं न्यायालय के वातावरण को स्वच्छ और सौंदर्यपूर्ण बनाना है। इस अवसर पर राजस्थान उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन, जयपुर, के अध्यक्ष महेंद्र सांडिल्य, महासचिव रमित पारीक,सीनियर गवर्नमेंट पैनल काउंसिल राजेंद्र प्रसाद शर्मा, सीनियर अधिवक्ता महेंद्र शाह, पूर्व अपर महाधिवक्ता इंद्राज सैनी, एडवोकेट ,राजेश कपूर, रामप्रताप, डॉ.रामस्वरूप मीणा,रामस्वरूप सैनी,प्रमोद पोख, मनोज अजमेरा, मून, पी. एन. सैनी, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना शर्मा, ईशा बेलानी, नीलम शर्मा, मनजीत कौर,सरिता शर्मा, धर्मेंद्र जोशी, कन्हैया चौधरी, अक्षय, गोकुल सहित अनेक अधिवक्ता, न्यायालय कर्मचारी, स्टाफ,तथा क्लाइंट्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी जनों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली तथा संकल्प लिया कि न्यायालय परिसर को हरित एवं स्वच्छ रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

बाइक दुर्घटना में घायल युवक की मौत, इलाज के दौरान दम तोड़ा

असदुल्लाह सिद्दीकी

चिल्हिया/सिद्धार्थनगर। चिल्हिया थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान चिल्हिया कस्बे के निवासी इम्तियाज पुत्र बहराइच के रूप में हुई है। यह दुर्घटना चिल्हिया कस्बे में स्थित एक बैंक के पास हुई थी, जब दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल इम्तियाज को तत्काल मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज शुरू हुआ।हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद शनिवार की देर रात लगभग दो बजे इम्तियाज ने दम तोड़ दिया। उसकी मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई। परिजनों के साथ-साथ गांववाले भी गहरे दुख में डूब गए। ग्रामीणों ने इम्तियाज को एक शांत, व्यवहारकुशल और मिलनसार युवक के रूप में याद किया।इस संबंध में चिल्हिया थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि अभी तक इस हादसे को लेकर थाने में कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि, मेडिकल कॉलेज प्रशासन से सूचना मिलते ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

ट्रेन से गिरकर राहगीर चोटिल गंभीर हालत मे रेफर

कांधला। थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाभवन के कस्बा जलालाबाद निवासी वसीम पुत्र सगीर किसी कार्य से दिल्ली गया हुआ था। रविवार को वसीम अपना कार्य समाप्त कर ट्रेन में बैठकर अपने घर जा रहा था। बताया जा रहा है की ट्रेन में सवार व्यक्ति वसीम ट्रेन के दरवाजे पर बैठा हुआ था ट्रेन चलने के बाद दरवाजे पर बैठे व्यक्ति के पैर रेलवे ट्रैक पर लगे पोल से टकरा गए संतुलन बिगड़ने पर उक्त व्यक्ति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रेन में सवार राहगीरों ने ट्रेन की चेन खींच कर ट्रेन रूकवाई और हादसे की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। सूचना पर एंबुलेंस विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल प्रभाव से घायल व्यक्ति को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पति व दो बच्चों को छोड़कर प्रेमी संग रहने की जिद पर अड़ी महिला

कांधला। थाना क्षेत्र के शिवाला मार्ग निवासी एक महिला एक सप्ताह पूर्व अपने प्रेमी के साथ अपने दो बच्चों को घर पर छोड़कर फरार हो गई थी। पीड़ित पति ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। फरार महिला थाने पर पहुंची और अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अडी रही मामला चर्चा का विषय बना रहा। थाना क्षेत्र के शिवाला मार्ग निवासी एक विवाहित महिला अपने दो बच्चों को घर पर छोड़कर झिंझाना निवासी युवक अपने प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई थी। पीड़ित पति ने थाने पहुंचकर अपनी पत्नी के लापता होने की सूचना पुलिस को देकर बरामद करने की गुहार लगाई थी। रविवार को फरार महिला थाने पर पहुंची महिला ने बताया कि वह अपने पति के साथ नहीं रहना चाहती। विवाहिता महिला अपने प्रेमी कस्बा झिंझाना निवासी युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही। पति सहित परिजनों के द्वारा घंटों समझाने के बाद भी महिला प्रेमी के साथ जाने की जिद करती रही। महिला का मामला नगर में चर्चा का विषय बना रहा।

पति की शर्मनाक करतूत पत्नी को मारपीट कर घर से निकला

वेलकम इंडिया

कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज उत्पीड़न करने के साथ ही मारपीट कर घर से निकलने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी विवाहिता वसीमा पत्नी आदिल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता की शादी कई वर्ष पूर्व आदिल के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पीड़िता का पति अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर पीड़िता का दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। आरोप है कि शनिवार की रात्रि में पीड़िता के पति ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर पीड़िता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ रविवार को थाने पहुंचकर पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

संगठन सृजन अभियान के तहत हमें बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करना है- हाजी मुहम्मद नजीर

वेलकम इंडिया

संतकबीरनगर। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष हाजी मुहम्मद नजीर और संचालन सुनील पाण्डेय ने किये।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हाजी मुहम्मद नजीर ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत हमें बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करना है। किसी भी चुनाव में सफलता प्राप्त करने के लिए बूथ स्तर पर हमें मजबूत होना जरूरी है। न्याय पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर पार्टी को खड़ा करना है इसके लिए सभी लोग जुट जाएँ। इस दौरान न्याय पंचायत दुधारा के अध्यक्ष मुहम्मद तव्वाब और न्याय पंचायत सेमरियावां के अध्यक्ष मुहम्मद रशीद सहित अन्य कांग्रेसजनों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर हाजी मुहम्मद नजीर सुनील पाण्डेय, दिलशाद अफसर, शांति देवी, अरुण पाण्डेय, जमशेद अख्तर, मुहम्मद परवेज अख्तर, मुहम्मद अकरम नजीर, मुहम्मद रशीद, सत्या त्रिपाठी, सचिन कुमार, मुहम्मद नसीम खान, सुग्रीव पासवान, राजू गौड़, मुहम्मद रशीद, चन्दन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

अवैध संबंधों के चलते हुई थी दौलताबाद में संजय की हत्या

वेलकम इंडिया

बुलंदशहर/औरंगाबाद/थाना क्षेत्र के गांव दौलताबाद में शुक्रवार को हुई पूर्व प्रधान संजय सिंह की हत्या का खुलासा किया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक के अवैध संबंध गांव के अमित की पत्नी से थे और अमित ने बदला लेने की गरज से अपने भतीजे और उसके दोस्त से संजय की हत्या कराई थी।पुलिस ने दोनों हत्यारों विशाल और मुकुल को आला कत्ल सहित बंदी बनाकर जेल भेज दिया जबकि अमित फरार है।

एस पी सिटी शंकर प्रसाद ए एस पी रिजुल कुमार ने रविवार को बताया कि गांव दौलताबाद में शुक्रवार की रात पूर्व प्रधान संजय सिंह पुत्र विजेंद्र चौधरी की हत्या गोली मारकर उस समय कर दी थी जब संजय सिंह अपने तहेरे भाई जितेंद्र सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। घटना स्थल पर दो जोड़ी चप्पलें और एक पिस्टल सहित एक खाली खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया था । जांच पड़ताल के दौरान प्रकाश में आया कि गांव के अमित ने संजय की जमीन बटाई पर ली हुई थी। संजय ने तीन महीने पहले उसकी पत्नी को अपने घर बुलाया और शारीरिक संबंध बनाए। इसकी भनक अमित को लग गयी तो वह बदले की आग में जलने लगा। योजना बना कर संजय को शुक्रवार को अमित ने अपने घर बुलाया और जमकर पार्टी हुई। देर रात जब संजय और जितेंद्र घर लौट रहे थे तो रास्ते में विशाल और उसके साथी मुकुल ने संजय को रोका और कनपटी पर सटाकर गोली मार दी ।पिस्टल तमंचा अमित ने ही उपलब्ध कराये थे। तमंचा बरामद कर लिया गया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया जबकि अमित अभी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका है ।जिसे शीध्र ही बंदी बनाकर जेल भेजा जाएगा।

शिवाली की नहर में मिला अज्ञात शव, पुलिस ने शुरू की जांच

वेलकम इंडिया

जहांगीराबाद। कोतवाली क्षेत्र के शिवाली गांव के पास रविवार को एक नहर में अज्ञात शव मिला। शव औरंगाबाद की तरफ से बहकर आ रहा था।शव की सूचना मिलते ही अनूपशहर सीओ रामकरन सिंह और जहांगीराबाद कोतवाली प्रभारी रामफल सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और शव को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस की जांच में शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पानी में लंबे समय तक रहने के कारण शव क्षत विक्षत हो गया है। मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शव औरंगाबाद थाना क्षेत्र की ओर से नहर में बहता हुआ शिवाली तक पहुंचा था। औरंगाबाद पुलिस को भी शव की सूचना मिली थी।

औरंगाबाद पुलिस के अनुसार जब तक वे मौके पर पहुंचे शव नहर के साथ बहकर जहांगीराबाद क्षेत्र में चला गया था। इसके बाद जहांगीराबाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शव को नहर से निकाला। कोतवाली प्रभारी रामफल सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

मोदी फाऊंडेशन शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है:एस सी अग्रवाल

वेलकम इंडिया

मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में अभिभावकों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सत्र 2025-26 की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नीरज एडवोकेट को अध्यापक अभिभावक संघ का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लगभग 50 अभिभावकों ने भाग लिया। सभी अभिभावक विद्यालय द्वारा दी गई शिक्षा के विषय में अपने-अपने विचार व्यक्त किये। डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि हमारे विद्यालय में विद्यालय के अध्यक्ष डॉ डीके मोदी की प्रेरणा से ए आई लैब का संचालन किया गया है। सभी अभिभावकों ने उस लैब का अवलोकन किया और विद्यालय प्रशासन की भूरी भूरी प्रशंसा की। प्रधानाचार्य ने यह जानकारी दी कि डॉ के एन मोदी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के अंदर मोदीनगर में स्थापित डॉ के एन मोदी यूनिवर्सिटी को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। इससे क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा का लाभ अपने ही शहर में मिल सकेगा। डॉक्टर के एन मोदी फाऊंडेशन शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। अध्यापक संघ के उपाध्यक्ष व प्रधानाचार्य डॉ एससी अग्रवाल ने छात्रों के अभिभावकों को अपने बच्चों पर सजग निगाह रखने पर जोर दिया। उनकी प्रत्येक गतिविधि पर ध्यान रखें कहीं वह गलत दिशा में तो नहीं जा रहा है और छात्रों के प्रति अपना दृष्टिकोण सकारात्मक रखें,नियमित विद्यालय भेजें और उसे विद्यालय द्वारा आयोजित प्रत्येक गतिविधि में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करें ताकि छात्र का सर्वांगीण विकास हो सके।

यह विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में यदि आपका छात्र कक्षा 6 में प्रवेश लेता है तो वह 12वीं के बाद इसी विश्वविद्यालय में किसी भी क्षेत्र में उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपना कैरियर बना सकता है।यह सभी अभिभावकों के लिए सुनहरा अवसर है ।डॉ सतीश चंद अग्रवाल ने विश्वविद्यालय की मान्यता मिलने की खुशी में विद्यालय के अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ)डी के मोदी जी को प्रतीक चिन्ह देकर बधाई दी।

जय महेश कमेटी द्वारा रुद्राभिषेक पूजा कार्यक्रम का किया आयोजन

वेलकम इंडिया

मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)। जय महेश कमेटी, के सदस्यों द्वारा रविवार को सतीश पार्क स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक पूजा का आयोजन किया। जिसमें सभी श्रद्धालु जनों में आराध्य भगवान शिव के प्रति हमारी श्रद्धा व समर्पण के साथ मिलकर इस महापूजा में भाग लिया। जय महेश कमेटी के सदस्यों ने पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान महेश का द्वितीय विशाल रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन सतीश पार्क स्थित शिव मंदिर में किया। जिसमें सभी जय महेश कमेटी के सदस्यों को अपने परिवार सहित पहुंचकर बाबा को जलभिषेक करके बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रसाद ग्रहण धार्मिक लाभ उठया। कार्यक्रम को सफल बनाने मेजय महेश कमेटी - मोदीनगर कार्यक्रम के संयोजक ललित माहेश्वरी, रामबाबू माहेश्वरी, सुरेश माहेश्वरी, महेश माहेश्वरी, मनोज माहेश्वरी, लोकेश, कुलदीप, प्रवीण हिमांशु राठी ललित संजीव स्टेट मनोज माहेश्वरी रामअवतार केला,अमित, निकुंज, चिराग, सुकुल, राहुल संदीप, प्रतीक सभी माहेश्वरी परिवार उपस्थित रहे।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा: बहन की मौत 14 मिनट पहले हुई, दोनों ने एक साथ खाया जहर

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। गोविंदपुरम में रहने वाले भाई-बहन की दर्दनाक आत्महत्या के मामले में पुलिस को 22 पन्नों का विस्तृत सुसाइड नोट मिला है, जिसने इस केस को पूरी तरह पलटकर रख दिया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, अंजलि की मौत उसके भाई अविनाश से लगभग 14 मिनट पहले हुई। दोनों ने 31 जुलाई की शाम को एक साथ जहरीला पदार्थ खाया था। अस्पताल पहुंचने तक अंजलि दम तोड़ चुकी थी, जबकि अविनाश ने कुछ देर बाद अंतिम सांस ली।घटनास्थल की तलाशी में पुलिस को जो डायरी मिली, उसमें अंजलि ने अपनी सौतेली मां रितु रानी और पिता सुखवीर सिंह को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया है। अंजलि ने साफ लिखा कि मेरी चिता को रितु और सुखवीर हाथ भी न लगाएं, केवल मेरा दोस्त महिम ही मुखाग्नि देगा।एसीपी भास्कर वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस को मौके से युवती की हैंडराइटिंग में लिखा हुआ 22 पेज का सुसाइड नोट मिला है, जो बेहद मार्मिक और गंभीर आरोपों से भरा है। इसकी बारीकी से जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई तय है। सुसाइड नोट में अंजलि ने लिखा है कि उनके पिता और सौतेली मां ने उनका वर्षों तक मानसिक उत्पीड? किया। शादी का दबाव, चरित्र पर सवाल, और पारिवारिक उपेक्षा ने उन्हें और उनके भाई को इस कदर तोड़ दिया कि उन्होंने मौत को गले लगाना बेहतर समझा। तुम्हें अधिकार नहीं मेरे शव को छूने का, तुमने अपनी दूसरी शादी के लिए बच्चों की खुशियों का गला घोंट दिया, मैं अकेली मरती तो लोग मेरे चरित्र पर सवाल उठाते...- सुसाइड नोट के इन वाक्यों ने हर किसी की आंखें नम कर दी हैं। अंजलि ने अपने ग्राफिक डिजाइनर दोस्त महिम को अपनी संपत्ति और बैंक खातों का उत्तराधिकारी घोषित किया है।

उसने साफ तौर पर लिखा है कि वही उसकी चिता को मुखाग्नि देगा और बाकी लोग उसके शव से दूरी बनाए रखें। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि भाई-बहन के आत्महत्या के मामले में जो तथ्य सामने आए हैं, वे गंभीर हैं।

उद्योग व्यापार मंडल द्वारा रुद्राभिषेक महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया

वेलकम इंडिया

मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मोदीनगर के नगर अध्यक्ष अमित गोयल एवं महामंत्री निर्दोष खटाना के नेतृत्व में रुद्राभिषेक महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सांसद,विधायक एवं भारी संख्या में श्रद्धालु जनों ने भाग लिया। राज चोपला स्थित सीएमडी सभागार में महा रुद्राभिषेक पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया ।जिसमें मुख्य रूप से सांसद डॉक्टर राजकुमार सागवान, विधायक डॉ मंजू शिवाच ने रुद्राभिषेक कार्यक्रम मे मौजूद रही। सावन के पवित्र माह में भगवान शिव को खुश करने के लिए विशेष पूजा आयोजनों में रुद्राभिषेक कराने का अति विशेष महत्व होता है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित गोयल एवं महामंत्री निर्दोष खटाना द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत एवं सत्कार किया गया ।तत्पश्चात पंडित लक्ष्मीकांत द्विवेदी द्वारा विधि विधान पूर्वक महा रुद्राभिषेक हवन पूजन कराया गया ।जिसमें लगभग 55 यजमानों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर उनका स्मरण करते हुए अपने व अपने परिवार के लिए शांति एवं आशीर्वाद मांगा। कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रतिनिधि विनोद गोस्वामी,डा बबली गुर्जर राहुल गुर्जर ,पप्पन शर्मा, दीपक गुप्ता,शेखर अनिल जगदीश मदा रणबीर दहिया, सभासद मोनू धामा, संदीप सांगवान, मयंक शर्मा, संदीप मोदी, अतुल वर्मा,पूर्व अध्यक्ष रामआसरे शर्मा,राम अवतार जिंदल गाजियाबाद,सौरभ जयसवाल मंत्री प्रतिनिधि अविनाश त्यागी मदान, राहुल भार्गव, मनोज सोनी, मधुसूदन शर्मा, मुकुल साहनी, अमित कराटे, सुभाष चौधरी, हर्ष कश्यप कथा वाचक अरविंद ओझा,नीरज कुमार, अमित कराटे आदि शामिल हुए।मंच संचालक जया कौशिक ने किया।

व्योम त्यागी ने बंगलौर में केवी नेशनल गेम्स में मैडल जीतकर किया जिले का नाम रोशन

वेलकम इंडिया अनिल कुमार

गाजियाबाद। ताइक्वांडो में जिले के 16 वर्षीय उभरते हुए खिलाड़ी व्योम त्यागी ने बंगलौर में 25 से 29 जुलाई तक आयोजित केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता 2025 में ताइक्वांडो की प्रतियोगिता में अंडर 17 के 51 किलोभार वर्ग में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरे साल ब्रोंज मेडल जीतकर प्रदेश और गाजियाबाद जिले का नाम रोशन किया है इससे पहले रीजनल गेम्स में गोल्ड मेडल हासिल करने पर व्योम त्यागी का चयन के.वी नेशनल गेम्स के लिय हुआ था यहा आपको बता दे की व्योम त्यागी पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कमला नेहरू नगर में कक्षा 11के छात्र है गाजियाबाद जिले का यह होनहार खिलाड़ी 5 वर्ष की उम्र से ही आंखों में ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने का सपने लिए कोच संदीप चौहान की देखरेख में में एमडब्ल्यूएस एकेडमी वसुंधरा में कठिन ट्रेनिंग कर रहा है 16 वर्ष की छोटी उम्र में ही व्योम त्यागी देशभर में ताइक्वांडो की विभिन्न चैंपियनशिप में 55 से ज्यादा मेडल हासिल कर चुके है जहा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य आर के शर्मा और मुख्य शारीरिक अनिल कुमार ने व्योम त्यागी के लगातार तीसरे साल मेडल जीतने पर खुशी जाहिर की है वही अकैडमी के कोच संदीप चौहान ने कहा की व्योम त्यागी अपने अनुशासन और मेहनत से लगातार अपने लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ रहा है और निश्चित तौर पर आने वाले टूनार्मेंट में भी बढ़िया खेल का प्रदर्शन कर पदक हासिल करेगा।

एनवायरमेंट क्लब के साथ विधायक डॉ मंजू शिवाच ने पेड़ों को राखी बांधी

वेलकम इंडिया

मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी एनवायरमेंट क्लब द्वारा वृक्षाबंधन कार्यक्रम शुरू किया गया है। आज वृक्षाबंधन कार्यक्रम से मोदीनगर विधानसभा की विधायक डॉ मंजू शिवाच भी जुड़ी। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने एनवायरमेंट क्लब के साथ वृक्षाबंधन मनाते हुए गांधी ग्राउंड, मोदीनगर में पेड़ों को राखी बाँधी, इस दौरान उन्होंने अशोक, इमली, नीम, अमरूद आदि पेड़ों को क्लब की सदस्याओं द्वारा बनायी गईं इको फ्रेंडली राखी बाँधी। उन्होने क्लब के इस विशेष कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पेड़ पौधों से ही धरती पर मानव जीवन का अस्तित्व है, ऐसे में क्लब का यह प्रयास सराहनीय हैं जो हमें पेड़ों के प्रति कृतज्ञता का भाव रखने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आमजन से पेड़ पौधे लगाने व उनका ख्याल रखने और इस बार रक्षाबंधन पर पेड़ों को राखी बाँधने की भी अपील की।इस कार्यक्रम में क्लब संस्थापक सावन कनौजिया, कार्यक्रम प्रमुख उत्कर्ष शर्मा, विशाल, मनीष राठौर, आंचल, यश, अर्शी त्यागी, जोया, देव, मयंक, कोमल, अभिषेक, अरमान आदि मौजूद रहे।

एडवोकेट आशीष नरेश को क्षेत्रीय महासचिव का नियुक्ति पत्र दिया

वेलकम इंडिया

मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)। अरुण दहिया एडवोकेट क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रोफेशनल मंच राष्ट्रीय लोक दल द्वारा एडवोकेट आशीष नरेश को क्षेत्रीय महासचिव का नियुक्ति पत्र दिया।जिसमें एडवोकेट अनिल चौधरी पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन मोदीनगर, एडवोकेट उत्तम त्यागी पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन मोदीनगर, एडवोकेट अमरदीप नेहरा पूर्व अध्यक्ष बार मोदीनगर, एडवोकेट नकुल त्यागी सचिव बार एसोसिएशन मोदीनगर, एडवोकेट रविंद्र चौधरी एडवोकेट मोहित, एडवोकेट जितेंद्र कुमार, सत्येंद्र तोमर वरिष्ठ राष्ट्रीय लोकदल नेता, राम भरोसे लाल मौर्य प्रदेश सचिव, अजीत सिंह पूर्व अध्यक्ष, आलोक चौधरी विधानसभा अध्यक्ष, दिनेश शर्मा क्षेत्र महासचिव, सचिन नेहरा, अंकित चौधरी, पार्थ नेहरा आदि मौजूद रहे।

अपराध से अर्जित संपत्ति की कुर्की और जब्ती की कानूनी प्रक्रिया पर दी गई विस्तृत ट्रेनिंग

वेलकम इंडिया

- थाना प्रभारियों से लेकर निरीक्षकों तक को सिखाए गए बीएनएसएस के नए प्रावधान

गाजियाबाद। अब अपराधियों की अवैध संपत्ति बच नहीं पाएगी, गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस को बीएनएसएस (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) की धारा 107 के तहत अपराध से अर्जित संपत्ति की पहचान, कुर्की, जब्ती और वापसी की पूरी कानूनी प्रक्रिया में माहिर बनाने का काम शुरू हो चुका है। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश और गाजियाबाद पुलिस आयुक्त के स्पष्ट निदेर्शों के तहत, रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परमजीत हॉल में रविवार को एक विस्तृत और अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का मकसद था पुलिस अधिकारियों को कानून की नवीनतम धाराओं के साथ अद्यतन कर उन्हें फील्ड पर प्रभावी रूप से लागू करना सिखाना। प्रशिक्षण सत्र की अगुवाई कर रहे थे सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सुधीर कुमार बीलवान, जिन्होंने गाजियाबाद कमिश्नरेट के समस्त थाना प्रभारियों, निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों को बीएनएसएस की धारा 107 के तहत मिलने वाले कानूनी अधिकारों, प्रक्रियाओं और चुनौतियों पर विस्तार से समझाया।

उन्होंने बताया कि किस प्रकार अपराध से अर्जित संपत्तियों की पहचान की जाती है, उसे कैसे विधिक रूप से कुर्क या जब्त किया जाता है, और फिर नियमानुसार उसका क्या होगा। खास बात यह रही कि सत्र में केवल कानूनी सिद्धांत नहीं, बल्कि वास्तविक केस स्टडी और उदाहरणों के साथ व्यावहारिक अनुप्रयोग पर भी विशेष जोर दिया गया। यह प्रशिक्षण ना सिर्फ पुलिस बल की जांच और कानूनी कार्रवाई की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगा, बल्कि अपराधियों के आर्थिक नेटवर्क को तोडे में भी मील का पत्थर साबित होगा। अब पुलिस केवल अपराधियों को पकडे तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उनके अवैध साम्राज्य को भी कानूनी तरीके से ध्वस्त करेगी। बीएनएसएस के तहत अब पुलिस के पास वो ताकत होगी, जिससे अपराधी की हर अवैध संपत्ति की ट्रेसिंग, सीलिंग और कुर्की मुमकिन हो सकेगी। यही नहीं, ऐसी संपत्तियों की वापसी प्रक्रिया भी अब अधिक पारदर्शी और तीव्र गति से की जा सकेगी। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि हर स्तर पर पुलिस बल को नए कानूनों की तकनीकी समझ और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाए, जिससे फील्ड पर कोई भी कार्रवाई अधूरी या कमजोर न रहे।

नेत्र शिविर में मरीजों ने कराई आंखों की नि:शुल्क जांच

वेलकम इंडिया

मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)। बेगमबाद स्थित प्राथमिक विद्यालय कन्या पाठशाला मे एक नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सुबह 11 बजे से ही लोगों की लंबी कतारें लग गईं ।बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर वर्ग के लोगों ने इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाया ।कादराबाद स्तिथ डा एल के गाँधी ऑफ आई हॉस्पिटल की चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की आंखों की जांच की और आवश्यक चिकित्सा सलाह दी जबकि कुछ मामलों में मोतियाबिंद और आंखों की सूजन जैसी गंभीर समस्याएं भी सामने आईं ।शिविर का नेतृत्व कर रहे डॉ.रोहित सिंह ने बताया,गांवों और कस्बों में लोग अक्सर आंखों की समस्याओं को हल्के में ले लेते हैं,जिससे समय पर इलाज न होने की वजह से दृष्टिहीनता तक हो जाती है ।ऐसे शिविर जागरूकता बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम हैं ।उन्होंने बताया शिविर में डॉ नेहा,डॉ दीपांशी,डा स्नेहा ने बड़ी संख्या मे लोगों की जांच की गई कुछ लोगो को मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए तारीख दी गई है ।शिविर का समाजसेवी आयोजन मनोज गुप्ता द्वारा किया गया। शिविर के आयोजक मनोज गुप्ता ने बताया कि अगला स्वास्थ्य शिविर मे और भी बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी। आयोजकों ने लोगों से अपील की कि वे समय रहते अपनी आंखों की जांच करवाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें इस तरह के शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवा का विस्तार करते हैं,बल्कि समाज के उपेक्षित वर्गों तक राहत पहुँचाते हैं ।ऐसे प्रयासों की जितनी सराहना की जाए कम है ।इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा मण्डल महामंत्री रोहित खटीक,जितेंद्र कुमार,नीरज गुप्ता, सुनील कुमार,गौरव गुप्ता, विशांत गुप्ता,संजीव मित्तल, विष्णु भंडारी,सेठी,शिवम गुप्ता,दीपक गोयल सभासद कृष्ण राज सैन आदि मौजूद रहे।

पुरानी पेंशन हर हाल में बहाल कराएंगे निजीकरण और स्कूल मर्जर का डटकर करेंगे विरोध

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। ऑल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) गाजियाबाद द्वारा जे.एम.एस.आई.टी. इंस्टिट्यूट, मसूरी में रविवार को कर्मयोगी/सहयोगी आभार प्रकट समारोह का आयोजन अत्यंत भव्य एवं गरिमामयी वातावरण में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य जनपद गाजियाबाद के संघर्षशील, समर्पित एवं सजग अटेवियंस साथियों का सम्मान करते हुए उनके योगदान को सार्वजनिक रूप से सराहना प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसे मुख्य अतिथि विजय कुमार बंधु सहित अन्य अतिथियों ने माता सरस्वती के चित्र समक्ष किया। इसके पश्चात डॉक्टर रामाशीष की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस विशेष अवसर पर गाजियाबाद के साथ-साथ अन्य जनपदों के अटेवा जिलाध्यक्षों एवं उनकी टीमों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की, जिससे आयोजन को एक प्रदेश स्तरीय स्वरूप प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का सबसे प्रेरणादायक क्षण वह रहा जब मेवला भट्टी लोनी के सुधीर कुमार (इंचार्ज पीएस) के सुपुत्र मास्टर लक्ष्य फौगाट को सब-जूनियर बॉक्सिंग एशियन चैंपियनशिप (जॉर्डन 2025) में रजत पदक जीतने पर ₹अटेवा सम्मान₹ से सम्मानित किया गया। साथ ही जेएसएमआईटी प्रबंधन ने लक्ष्य फौगाट को उनकी उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति देने की घोषणा कर भविष्य के प्रति आश्वस्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष एनएमओपीएस एवं प्रदेश अध्यक्ष अटेवा विजय कुमार बंधु ने मंच से अपने उद्बोधन में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली के प्रति संगठन की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अटेवा हर हाल में ओपीएस लेकर रहेगा। साथ ही बंधु ने उत्तर प्रदेश में चल रहे सरकारी स्कूलों के मर्जर और निजीकरण की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह कदम देश की शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने वाले हैं और अटेवा इसका पुरजोर विरोध करता रहेगा। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक प्रतिनिधि रितु शर्मा ने शिक्षकों की समस्याओं एवं आकांक्षाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं, कार्यक्रम के माध्यम से संगठन में नए जोश और ऊर्जा का संचार करते हुए विजय कुमार बंधु ने कई नवीन पदाधिकारियों की घोषणा की। गोविंद कुमार सिंह को जिला संरक्षक, अमित त्यागी को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, अमिताभ पाण्डेय को महानगर अध्यक्ष, रजी हसन को जिला प्रवक्ता (बेसिक), इमराना सिद्दीकी को जिला उपाध्यक्ष (बेसिक), दुष्यंत सिंह को उपाध्यक्ष महानगर (शिक्षणेत्तर), एवं हिमांशु गुप्ता को संगठन मंत्री लोनी ब्लॉक (शिक्षणेत्तर) की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। वहीं, गाजियाबाद के जिला संरक्षक सुधीर त्यागी को भी विशेष रूप से सम्मान प्रतीक भेंट कर विजय कुमार बंधु ने संगठन के प्रति उनके समर्पण को नमन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिलाध्यक्ष मनीष कुमार शर्मा, जिला महामंत्री रामशेष वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार चौहान, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष आरती वर्मा, महामंत्री मीनू शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष पारस गोस्वामी (लोनी), संजय चौधरी (मुरादनगर), राजपाल यादव (भोजपुर), गीता ढींगरा (रजापुर), तथा जिला उपाध्यक्ष रिंकी गुप्ता और अजय कुमार की अहम भूमिका रही। यह आयोजन न सिर्फ संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक बना, बल्कि एक बार फिर यह संदेश भी दे गया कि अटेवा का संघर्ष, सम्मान और संकल्प अडिग है जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती, तब तक आंदोलन रुकेगा नहीं।

मोदीनगर में बच्चे के अपहरण के शक पर बवाल, दो पक्षों में लाठी-डंडे चले, वीडियो वायरल

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। मोदीनगर कोतवाली क्षेत्र के गांव आबिदपुर मानकी में रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब बच्चे के अपहरण के श$क में दो परिवार आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते लात-घूंसे, लाठी-डंडे चलने लगे। यह पूरा घटनाक्रम वहां मौजूद एक व्यक्ति ने मोबाइल से रिकॉर्ड कर लिया, जिसका वीडियो अब इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है और पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

वायरल वीडियो ने मामले को और गंभीर बना दिया है, जिससे प्रशासनिक हलकों में भी हलचल है। घटना की शुरूआत गांव की निवासी फरजाना के बेटे जीशान के साथ हुई। फरजाना का कहना है कि उनका बेटा मस्जिद में नमाज पढ़कर लौट रहा था, तभी रास्ते में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर उसका अपहरण करने की कोशिश की। जीशान ने साहस दिखाया और किसी तरह खुद को छुड़ाकर शोर मचाया। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और जिस व्यक्ति पर अपहरण का शक था, उसे पकड़ लिया। हालांकि मामला यहीं नहीं थमा। थोड़ी ही देर में कथित आरोपित के परिवार के कुछ लोग भी मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद स्थिति बेकाबू हो गई और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दोनों ओर से लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और घूंसों से हमला कर रहे हैं। जीशान के परिजनों का कहना है कि उन्हें भी बुरी तरह पीटा गया और हमलावर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। वहीं, जिस पर अपहरण का शक जताया जा रहा है, वह भी भीड़ की अफरा-तफरी का फायदा उठाकर मौके से निकल भागा। घटना के बाद गांव में अफवाहों और भय का माहौल है।

महिला का फोन हैक कर साढ़े तीन लाख रुपये की ठगी

साहिबाबाद। लिंक रोड थाना क्षेत्र के रामप्रस्थ कॉलोनी में रहने वाली महिला को बातों में उलझाकर ठगों ने करीब साढ़े तीन लाख रुपये ठग लिए। महिला ने मामले में पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। रामप्रस्थ कॉलोनी में रहने वाली हीना खुराना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने ऑनलाइन फूड डिलीवरी एप पर कुछ ऑर्डर किया था। इसे बाद में रद्द कर दिया था। रिफंड न आने पर उन्होंने कंपनी के कस्टमर केयर का नंबर इंटरनेट पर ढूंढा। यहां से मिले एक मोबाइल नंबर पर कॉल किया, जिसके बाद दूसरे नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताया। उन्हें रिफंड दिलाने के नाम पर एक प्रक्रिया समझाई और करीब तीन घंटे तक बात करता रहा। इस दौरान भरोसा दिलाने के लिए उन्हें एसएमएस भी भेजे गए। एक मैसेज में दिए लिंक पर क्लिक करने के बाद उनके खाते से कई बार में 3.53 लाख रुपये डेबिट हो गए। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

वाहन चोर गैंग का पदार्फाश, 9 चोरी के वाहन समेत दो शातिर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। थाना साहिबाबाद पुलिस ने एक बार फिर अपराधियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हुए रविवार तड़के चौकी सीमा क्षेत्र में भड़ाना कट के पास चेकिंग के दौरान वाहन चोर गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक बाल अपचारी को पुलिस हिरासत में लिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई में चोरी की कुल 9 दोपहिया वाहन 6 मोटरसाइकिल और 3 स्कूटी बरामद की गई हैं। सहायक पुलिस आयुक्त, साहिबाबाद श्वेता कुमारी यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विवेक और कार्तिक पोनिया के रूप में हुई है, जो साहिबाबाद थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं। दोनों आरोपियों के साथ एक बाल अपचारी भी इस गैंग का हिस्सा था, जिसे हिरासत में

लिया गया है। पुलिस टीम ने मौके से दो मोटरसाइकिलें बरामद कीं, जिसके बाद आरोपियों की निशानदेही पर रेलवे ट्रैक के पास जंगल की झाडि?ों से 4 और मोटरसाइकिलें तथा 3 स्कूटी भी बरामद की गईं। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में लंबे समय से वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। सभी वाहन चोरी कर सस्ते दामों में बेचकर आर्थिक लाभ कमाने का धंधा कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, तीनों आरोपी चोरी किए गए वाहनों को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में घूम रहे थे तभी चेकिंग के दौरान उन्हें पकड़ लिया गया। उन्होंने कहा कि थाना साहिबाबाद पुलिस की सतर्कता और कड़ी निगरानी ने एक बड़े वाहन चोरी गिरोह को बेनकाब कर दिया है। यह सफलता पुलिस की फील्ड इंटेलिजेंस, रणनीतिक चेकिंग और साइबर निगरानी का नतीजा है। क्षेत्र में अपराध के विरुद्ध हमारा अभियान लगातार तेज रहेगा। श्वेता यादव ने बताया कि पकड़े गए दोनों अभियुक्तों और बाल अपचारी के खिलाफ गाजियाबाद और दिल्ली के विभिन्न थानों में पहले से ही कुल 9-9 मुकदमे दर्ज हैं। यह गिरोह लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था और पुलिस इनकी गतिविधियों पर लंबे समय से नजर रखे हुए थी। अभियुक्तों से अन्य घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है और इनके आपराधिक नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। इस कामयाबी से साहिबाबाद थाना पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोरों के एक बड़े नेटवर्क पर करारा प्रहार किया है।

गूगल से नंबर ढूंढना पड़ा महंगा, स्किन केयर सेंटर संचालिका के खाते से 3.53 लाख की साइबर ठगी

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। साहिबाबाद के लिंक रोड थाना क्षेत्र में साइबर अपराध का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां स्किन केयर सेंटर चलाने वाली हीना खुराना के साथ साइबर जालसाजों ने एक सोची-समझी चाल के तहत 3.53 लाख रुपये की ठगी कर ली। 23 जुलाई को हीना खुराना ने फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो से रिफंड लेने के लिए इंटरनेट से कस्टमर केयर नंबर तलाशा, जो उनके लिए भारी पड़ गया। उन्होंने जैसे ही उस नंबर पर कॉल की, 17 सेकेंड की बातचीत के बाद व्हाट्सएप कॉल आ गई, जिसमें खुद को कस्टमर केयर का अफसर बताने वाला व्यक्ति बेहद पेशेवर अंदाज में रिफंड प्रक्रिया का बहाना बनाकर उन्हें झांसे में ले आया। हीना को मोबाइल पर कुछ भरोसेमंद लगने वाले मैसेज भेजे गए, जिससे उन्हें यह सब असली लगा। फिर तीन घंटे तक कॉल पर बात करके उनसे मोबाइल के जरिए कई डिजिटल प्रोसेस फॉलो कराए गए, जिनके जरिए अपराधियों ने उनके दो बैंक खातों से आठ बार में ?3,53,065 की रकम निकाल ली। जैसे ही रकम ट्रांसफर हो गई, जालसाजों ने कॉल काट दी और नंबर स्विच ऑफ हो गया। यह पूरा घटनाक्रम धोखाधड़ी के उस नए ट्रेंड को उजागर करता है, जिसमें लोग फर्जी कस्टमर केयर नंबर के जाल में फंस रहे हैं। हीना ने तुरंत साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज की और फिर लिंक रोड थाने में एफआईआर कराई।

बदलेगा अकबरपुर बहरामपुर स्थित स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का आधुनिक स्वरूप

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ व तकनीकी रूप देने की दिशा में गाजियाबाद नगर निगम ने एक और अहम कदम बढ़ाया है। अकबरपुर बहरामपुर स्थित स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देने की योजना पर तेजी से कार्य शुरू कर दिया गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने रविवार को निरीक्षण कर कूड़ा निस्तारण कार्यों की समीक्षा की और स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन को अत्याधुनिक बनाने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने जे.एस. एनवायरो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की टीम को कार्य में तेजी लाने और तकनीकी उपकरणों के बेहतर उपयोग से निस्तारण प्रक्रिया को सहज व तेज करने के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, मुख्य अभियंता

नरेंद्र चौधरी, प्रभारी संपत्ति पल्लवी और जे.एस. एनवायरो की टीम मौके पर मौजूद रही। नगर आयुक्त ने कहा कि स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन के क्षेत्रफल को बढ़ाकर अधिक डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। इससे विजयनगर क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में कूड़े के त्वरित संग्रहण और प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचने की प्रक्रिया को और सरल और तेज किया जा सकेगा। विजयनगर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार क्षेत्र में 85 गाडियां कूड़ा संग्रहण कार्य में लगी हैं, जिनमें से 20 मुख्य मार्गों की सफाई में सक्रिय हैं। इसके अलावा, जे.एस. एनवायरो की टीम घर-घर जाकर नागरिकों को कूड़ा पृथक्करण के लिए जागरूक भी कर रही है। नगर निगम की योजना है कि अकबरपुर बहरामपुर के ट्रांसफर स्टेशन को एक भव्य और सुसज्जित स्वरूप में बदला जाए।

गाजियाबाद पुलिस का साइबर मोर्चा मजबूत हाईराइज सोसायटी में चला जागरूकता अभियान

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस आयुक्त के निर्देशन में चल रहे साइबर जागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से रविवार को थाना विजयनगर क्षेत्र की हाईराइज सोसायटी गंगा यमुना हिंडन रिवर अपार्टमेंट में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कोतवाली नगर रितेश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में सोसायटी के निवासियों विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और युवाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराधी अब पारंपरिक तरीकों से नहीं, बल्कि तकनीक के जरिये नई

चालों से लोगों को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में नागरिकों का सतर्क और जागरूक रहना नितांत आवश्यक हो गया है। कार्यक्रम के दौरान एसीपी रितेश त्रिपाठी ने कहा कि साइबर अपराधी आपके मोबाइल और कंप्यूटर तक पहुंच चुके हैं। अब लड़ाई आपके घर की चौखट पर नहीं, आपकी स्क्रीन पर लड़ी जा रही है। हर नागरिक को अब साइबर प्रहरी बनना होगा। उन्होंने आगे कहा कि जागरूकता ही इस अपराध से सबसे बड़ी सुरक्षा है, और गाजियाबाद पुलिस हर नागरिक तक यह संदेश पहुंचाने के लिए कृतसंकल्प है। कार्यक्रम में नागरिकों को विस्तार से यह जानकारी दी गई कि किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि, धोखाधड़ी या ठगी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें एसीपी त्रिपाठी ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी डिजिटल जिंदगी में एक छोटी सी चूक व्यक्ति की निजी जानकारी, बैंक खातों और पहचान की चोरी का कारण बन सकती है। उन्होंने खास तौर पर महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी अज्ञात नंबर, लिंक या स्कीम पर भरोसा न करें और तुरंत पुलिस को सूचित करें। यह जागरूकता कार्यक्रम न सिर्फ साइबर सुरक्षा को लेकर एक ठोस पहल साबित हुआ, बल्कि इसने पुलिस और जनता के बीच विश्वास की एक नई कड़ी भी बनाई। कार्यक्रम में विजयनगर थाना पुलिस टीम ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई और सभी प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा संबंधी ब्रोशर, हेल्पलाइन नंबर और सतर्कता के सुझाव वितरित किए।

हिंडन एयरपोर्ट पर उड़ानों की भरमार बनी अव्यवस्था की वजह

गाजियाबाद। हिंडन एयरपोर्ट से उड़ानों की संख्या में तेजी से हुई वृद्धि अब वहां की व्यवस्था पर भारी पडे लगी है। एयरपोर्ट पर सीमित सुविधाएं और बढ़ते हवाई यातायात के बीच लगातार उड़ानों के संचालन से अव्यवस्था चरम पर पहुंच गई है। यात्रियों को रद्द उड़ानों और लंबी देरी जैसी समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। वर्तमान में हिंडन एयरपोर्ट से 16 शहरों के लिए कुल 25 उड़ानें संचालित हो रही हैं। इनमें एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो दोनों की सेवाएं कई रूटों पर उपलब्ध हैं। बेंगलुरु जैसे शहर के लिए एक ही दिन में चार उड़ानें चलाई जा रही हैं। 20 जुलाई को इंडिगो द्वारा एक साथ दस उड़ानों की शुरूआत की गई थी, जिसे नागर विमानन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने एक बड़ी उपलब्धि बताया था। लेकिन अब यही उपलब्धि एयरपोर्ट की क्षमता पर भारी पड़ रही है। पिछले सप्ताह कोलकाता के लिए एक विमान ने लगभग 18 घंटे की देरी से उड़ान भरी, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। इसके अलावा कई उड़ानें अचानक रद्द कर दी जा रही हैं।

ब्राह्मण समाज की एकजुटता का संकल्प, दिल्ली एनसीआर में गूंजा शास्त्र और संस्कृति का स्वर

वेलकम इंडिया

दिल्ली/गाजियाबाद। बवाना में राष्ट्रीय ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में रविवार को आयोजित भव्य विचार गोष्ठी सभा में दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न ब्राह्मण महासभाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर समाज के संगठन, उत्थान और संस्कृति की रक्षा के संकल्प को दोहराया। इस गरिमामयी आयोजन की अध्यक्षता ईश्वर दत्त शर्मा ने की, जबकि मुख्य मार्गदर्शक के रूप में विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान उपस्थित रहे।

उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव शास्त्रों के माध्यम से समस्त मानव समाज को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का महान कार्य किया है, किंतु आज समय की मांग है कि ब्राह्मण समाज एकजुट होकर पुनः अपनी भूमिका को सशक्त रूप से निभाए। उन्होंने कहा कि आज ब्राह्मण समाज बिखरा हुआ प्रतीत होता है, जबकि आवश्यकता इस बात की है कि हम सब मिलकर अपने ज्ञान, परंपरा और मयार्दा को एक दिशा दें।

वसुंधरा के ग्रीन व्यू अपार्टमेंट में ढही सीढियां, बाल-बाल बचे लोग

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। वसुंधरा सेक्टर-17 स्थित ग्रीन व्यू अपार्टमेंट में रविवार तड़के उस वक्त अफरातफरी मच गई जब अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल से छत की ओर जा रही सीढियां अचानक भरभराकर गिर गईं। यह हादसा सुबह करीब 4:30 बजे हुआ, जब अधिकांश निवासी गहरी नींद में सोए हुए थे। गनीमत रही कि उस समय सीढि?ों का इस्तेमाल कोई नहीं कर रहा था, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। घटना के बाद से पूरी सोसायटी में भय और नाराजगी का माहौल व्याप्त है। हादसे के बाद से एक परिवार तीसरी मंजिल पर फंसा हुआ है, जो अब तक बाहर नहीं निकल पाया है। हैरानी की बात यह है कि

इस गंभीर घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी आवास विकास परिषद का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे रहवासियों में आक्रोश और चिंता और गहरा गई है। करीब 30 वर्ष पूर्व बसाई गई ग्रीन व्यू अपार्टमेंट में कुल 10 ब्लॉक हैं और लगभग 450 फ्लैटों में परिवार निवास कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, वर्षों से आवास विकास परिषद मेंटेनेंस कार्य को लेकर लापरवाह बना हुआ है। जर्जर हो चुकी सीढियों और दीवारों की बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। अब नतीजा यह है कि अपार्टमेंट की संरचनाएं जानलेवा खतरा बन चुकी हैं। सोसायटी के अन्य ब्लॉकों की सीढियों की हालत भी भयावह है। दीवारें जगह-जगह से झड़ चुकी हैं और छतों से प्लास्टर गिरना आम बात हो चुकी है। लोगों का कहना है कि यदि यह हादसा दिन के समय हुआ होता, जब बच्चे स्कूल जा रहे होते या लोग काम पर निकल रहे होते, तो बड़ी जनहानि निश्चित थी। यह केवल किस्मत का सहारा था कि जानें बच गईं। निवासियों ने आवास विकास परिषद पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मेंटेनेंस के नाम पर केवल खानापूर्ति होती है। बार-बार पत्राचार और मौखिक शिकायतों के बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई।